सम्पादकीय

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?

भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमजोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक अधिकारिक डेटाबेस में काफी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमजोर करती हैं। मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों तक इनका निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक [illegible] अभियान है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत पहुँच, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमजोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन अंतरालों पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है। आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है। हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं। प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकारी प्रणालियाँ अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं। प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं।

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

**चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता हैमुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है।**



**ललित गर्ग**
**लेखक**



चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है। नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो। उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं।

# सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

**जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है। सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित क्ऊअ वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया।**





**मुरलीधर मोहोल**
**केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री**

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (क्ऊअ) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (कउ 2025) का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (रउक्ष्) को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है। सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयारसहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं। भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है। सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित क्ऊअ वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है। सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेजी से डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है। वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्यविश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है। सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है। आगे की राहः एक सहकारी भविष्य सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में ह्यसहकार से समृद्धिह्न के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है, जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

# गांवों में गरीबी घटने का परिदृश्य

डॉ. जयंती लाल भंडारी

इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत में गरीबी से संबंधित विभिन्न आर्थिक शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत में शहरों की तुलना में गांवों में गरीबी तेजी से घट रही है और आमदनी व क्रय शक्ति में भी तेज वृद्धि हो रही है। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य रूप से गरीबों को सीधे, लाभान्वित करने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास के कारण गरीबी में कमी आई है। गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 14 साल में आमदनी बढे से जहां शहरों में हर माह प्रति व्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया है। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1984 रुपए से बढकर 6996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रुपए से बढकर 4122 रुपए हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों की ग्रोथ ज्यादा है। गौरतलब है कि 4 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है। मोदी ने कहा कि आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफ पानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश के किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमे की राशि को बढ़ाया है। स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने उनकी गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत गरीबों को 2028 तक मुफ्त अनाज दिया जाना सुनिश्चित किया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को व्यवस्थित रूप से निशुल्क खाद्यान्न वितरित किए जाने में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की भूमिका प्रभावी बनाई गई है। देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2016 से राशन की दुकानों में पाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरूआत से लीकेज में कमी आई है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। इस समय यह लीकेज घटकर 28 फीसदी रह गया है। राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए 5 करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना अभियानों से देश में गरीबी में कमी आ रही है। खास तौर से करीब 54 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 138 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 115 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचा गरीबों के सशक्तिकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। इस जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी से लाभार्थियों के खातों में सीधे जमा हो चुकी है। इन सबसे गरीबी में बड़ी कमी आई है और ग्रामीण भारत विशेष रूप से लाभान्वित हुआ है। यह भी उल्लेखनीय है कि विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में भी भारत में गरीबों के सशक्तिकरण और विकास से गरीबी में कमी आने और गरीबों की उत्पादकता में वृद्धि होने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,बुधवार ,15 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया ने किया निःशुल्क कम्बल का वितरण

प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया प्रखंड के बकुलहर पंचायत की मुखिया के सौजन्य से पंचायत के गरीब व असहाय लोगों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया गया इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि इन्द्रेश कुशवाहा ने बताया कि जानकारी देते हुए ने बताया कि उनके द्वारा हर वर्ष गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है जिससे ठंड में उनकी सहायता हो जाती है। बता दें कि ठंड के दिनों में ऐसे लाचार लोग ठंड से ठिठुरते देखे जा सकते हैं इस दौरान 60 निःसहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह कंबल वितरण बकुलहर मठ के मठाधीश स्वरूपा नन्द हाथों किया गया।वहीं इन्द्रेश कुशवाहा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें भी आगे आकर इस तरह गरीबों की मदद करनी चाहिए। इस वितरण समारोह ग्रामीण सुरेंद्र खरवार, दिलीप माली,डाकबाबू जयप्रकाश गिरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### हरेंद्र किशोर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित एन जी वाई खेल मैदान में उज्जैन इंजीकोम और विधायक के सौजन्य से 7 दिवसीय हरेंद्र सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज मंगलवार के दिन किया गया।जिसमें पहला मैच सौरभ 11 और बगहा 11 के बीच खेला गया।यह मैच 15-15 ओवर का का हुआ जिसमें सौरभ 11 ने मैच 6 विकेट से जीतकर अपने नाम किया।मैच के दौरान 6 और 4 रन पर विशेष इनाम रखा गया था।मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के साथ साथ मैन ऑफ द फील्डर,बैट्समैन, बेस्ट कैचेज आदि इनाम दिए जा रहे है। मैच का उद्घाटन स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह और इंजीकोम के एमडी महेंद्र प्रताप सिंह ने बैटिंग और बल्लेबाजी कर के शुरूआत की।बतादें की जानेमाने हस्ती वाल्मीकि ट्रेवल्स और उज्जैन इंजीकोम के संस्थापक स्वर्गीय ह-रेंद्र किशोर सिंह की याद में बगहा, वाल्मीकिनगर और गड़क उस पार के क्षेत्रों में सीरीज के तहत आयोजित किए जा रहे है।इस मौके पर भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### शिक्षक नेताओं ने विधान पार्षद को दी बधाई

छपरा कार्यालय। विधान पार्षद प्रोफेसर (डॉ) वीरेन्द्र नारायण यादव के अथक प्रयास से माननीय ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव ने छपरा को 8 अरब की लागत से बनने वाले सुपर पावर ग्रिड का तोहफा दिया।

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, जिला इकाई -सारण के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव एवं सचिव विद्यासागर विद्यार्थी तथा प्राथमिक शिक्षक संघ , सारण के अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव , प्रधान सचिव सुरेंद सिंह एवं कोषाध्यक्ष सुमन प्रसाद ने दोनों माननीय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है।

### बंद घर से ताला तोड़कर लाखों की हुई चोरी

एकमा। थाना क्षेत्र के केसरी गांव में बंद मकान का ताला तोड़ कर चोर लाखों रुपये का माल पार कर दिए। इस सम्बंन्ध में केसरी निवासी धनन राय द्वारा एकमा थाना को दिये गए आवेदन में कहा है कि हमसभी परिवार घर में ताला बंद कर जीविकोपार्जन के लिए एक कोलकाता रहते हैं। ग्यारह जनवरी को हमारे पड़ोसी द्वारा हमको फोन कर जानकारी दी गई कि आपके घर का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई है। तेरह तारीख को घर लौटने के बाद जब हमने देखा तो घर में दंग रह गया घर का ताला तोड़कर मेरा सारा सामान चोरी कर लिया गया था। जिसमे घर मे रखे एक्सपलेंडर मोटरसाइकिल के साथ लाखों के सामान चोरी कर ली गई। घर में चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### प्रतिनिधियों का न्यू क्रिमिनल लॉ विषय को ले हुआ प्रशिक्षण

बनियापुर। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों एवं कर्मियों का न्यू क्रिमिनल ला विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। जिसमें न्यायमित्र, सरपंच, सचिव एवं कार्यपालक सहायक ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में बनियापुर न्यायमित्र बाल मुकुंद ओझा थे। प्रशिक्षण में ग्राम कचहरी से संबंधित चालिस 40 धाराओं पर विस्तार से चर्चा की गई।आइ पी सी की जगह बदले हुए बी एने एस अर्थात भारतीय न्याय संहिता के नई एयर पुरानी धाराओं पर प्रशिक्षण मे विभिन्न धाराओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में न्यायमित्र सुरेन्द्र कुमार, उमेश शर्मा,मंजू मिश्रा,जय प्रकाश सिंह,राम राज आदि थे।

# महाराजा स्टेडियम की जगह बनने वाले खेल कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय स्तरीय स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का भी निर्माण :गरिमा

## जर्जर महाराजा स्टेडियम की जगह प्रस्तावित खेल कॉम्प्लेक्स के लिए एनओसी देगा: नगर निगम

■ करीब साठ करोड़ से अधिक लागत वाले इंटरनेशनल लेबल के स्टेडियम के लिए बिहार भवन निर्माण निगम तैयार करेगा डीपीआर

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि वर्षों से जर्जर पड़े नगर निगम के स्वामित्व वाले महाराजा स्टेडियम की जगह प्रस्तावित खेल कॉम्प्लेक्स के लिए नगर निगम प्रशासन एनओसी जारी करेगा। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देश पर जिला खेल पदाधिकारी और नगर आयुक्त के साथ महापौर ने प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर हुई चर्चा और उससे पूर्व विशेषज्ञों के एक दल के विजिट रिपोर्ट के हवाले से महापौर ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजिट निर्देश के आलोक में 60 करोड़ से भी अधिक की लागत से बनने वाले इस इंटरनेशनल लेबल स्टेडियम का डीपीआर बनाने की जिम्मेदारी बिहार भवन निर्माण निगम के मुजफ्फरपुर डिविजनल कार्यालय को सौंपी जा रही है। महापौर श्रीमति सिकारिया ने बताया कि नगर निगम के स्वामित्व वाले खस्ताहाल महाराजा स्टेडियम की जगह प्रस्तावित खेल कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय स्तर के मानक पर ट्रेनिंग सेंटर बनेगा। जहां नियमित खेल की सुविधा के साथ खिलाड़ियों को कैंटीन और जिम उपकरणों से लैस ट्रेनिंग की सुविधा मिलेगी। महापौर ने बताया कि लगभग 200/140 मीटर आकर में प्रस्तावित इस निर्माण के लिए महाराजा स्टेडिम के दक्षिण दिशा में और करीब 80 मीटर एरिया कवर किया जाएगा। वहीं जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि इस खेल कॉम्प्लेक्स में अन्य सुविधाओं के अलावें वीवीआईपी और वीआईपी स्तर की संपूर्ण लग्जरी सुविधाओं से युक्त दो आवासन कक्ष के अलावें 100 चेयर वाला कॉन्फ्रेंस हॉल और कैंटीन की सुविधा भी रहेगी। सामान्य से अलग सेडयुक्त वीआईपी दर्शक दीर्घा भी होगी। खेल मैदान में आठ लेन वाले सिंथेटिक ट्रैक के साथ नेचुरल प्ले ग्राउंड होगा। जिसमें आयातित विशेष घास का उपयोग किया जायेगा। मौके पर मौजूद नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के आदेश और जिलाधिकारी के उच्च निर्देशन में पूरी होने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा होने बाद इसके सुरक्षित रख रखाव की महत्वपूर्ण निम्मेदारी निभाने में नगर निगम प्रशासन पूरी तत्परता और सजगता बरतेगा।

# बगहा एसपी ने किया सीएसपी लूट कांड का खुलासा, 25 हजार का इनामी बदमाश बिट्टू यादव गिरफ्तार




प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस ने सीएसपी संचालक से हुई लूट कांड का खुलासा करते हुए 25 हजार के इनामी अपराधी बिट्टू यादव को गिरफ्तार किया है।रामनगर पुलिस ने बिलटू यादव को उस समय गिरफ्तार किया जब वह इलाके में किसी दूसरी घटना की फिराक में था। पूर्व में भी लूट के कई मामलों में वह फरार चल रहा था। सीएसपी से लूट के मामले में तीन आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं।बिलटू पुलिस को चकमा देने के लिए दियारा के दुर्गम इलाकों में अपना ठिकाना बना रखा था।बतादें की जुलाई माह में 3 लाख 6 हजार रुपये की लूट हुई थी।इस घटना में शामिल 3 अपराधी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं लेकिन बिट्टू नामक 25000 का इनामी बदमाश फरार चल रहा था जिसे गुप्त सूचना पर रामनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### नारायणी तट पर पौष पूर्णिमा के मौके पर महाआरती का आयोजन

बगहा। दिव्य भूमि वाल्मीकि धाम वाल्मीकिनगर के बेलवा घाट पर पौष पूर्णिमा के अवसर पर महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुशीनगर से आए मुख्य अतिथि डॉ.उदय प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि निमार्ता एचेल थारू,समाजसेवी संगीत आनंद, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज प्रयागराज में महाकुंभ का पहला स्नान है । हम सभी उत्तर प्रदेश से त्रिवेणी संगम तट पर स्नान दान करने आए हैं। आज नारायणी गंडकी महाआरती में शामिल हो कर हम धन्य हो गए हैं।वहीं आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा,पूजा पाठ एवं हवन कर विश्व शांति की कामना की गई। गायिका मधु देवी,चांदनी कुमारी,गायक संगीत आनंद एवं राजा द्वारा पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति की गई।इस मौके पर रीना देवी, इंदु देवी, अंशु सिंह, रेखा थापा, वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार, अर्पिता कुमारी, रुद्र प्रताप सिंह आदि थे।

# मकर संक्रांति के दिन महादलित बस्ती में बीडीओ ने जाकर किया कंबल वितरण



प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ।स्थानीय प्रखंड के भावलपुर में बीडीओ ने महादलित बस्ती में मंगलवार के दिन जाकर किया कंबल का वितरण। मढ़ौरा बीडियो सुधीर कुमार ने मकर संक्रांति के दिन गरीब और कमजोर,असहाय महिलाओं के बीच कड़ाके की ठंड को देखते हुए। भावलपुर महादलित बस्ती में जाकर किया कंबल का वितरण। कंबल पाकर गरीब व महादलित महिलाएं काफी खुश दिखाई दी।और बीडीओ सुधीर कुमार को आशीर्वाद भी दिया। जाड़े में मिले इस कंबल के लिए बीडीओ सुधीर कुमार को दुआएं भी दी।

बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह नरहरपुर, इसरौली,व अन्य कई जगह पर बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए। गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया है। और आज फिर मकर संक्रांति के दिन भावलपुर के महादित बस्ती में कंबल पाकर महिलाएं व पुरुष काफी खुश दिखे। और ऐसे में सरकार द्वारा दी गई आर्थिक मदद के रूप में कंबल का वितरण किया जा रहा है। बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि करीब 50 से अधिक दिव्यांग विधवा आर्थिक रूप से कमजोर गरीब महिलाओं को भावलपुर पंचायत में जा कर कंबल दिया गया । इस कड़ाके की ठंढ के मौसम में बचाव के लिए सरकार के द्वारा कंबल देना बहुत ही पुण्य का कार्य है और गांव में जाकर गरीब महिलाओं व पुरुषों के बीच कंबल देने की बात ही कुछ अलग है ।

# महान स्वतंत्रता सेनानी , अधिवक्ता दुर्योधन सिंह को उनके 112 वीं जयंती पर किया गया याद

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। डी सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के कार्यालय दहियावा टोला छपरा में स्वर्गीय दुर्योधन सिंह अधिवक्ता महान स्वतंत्रता सेनानी का 112 वीं जयंती ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शिवनाथ सिंह के अध्यक्षता में मनाया गई। इस अवसर पर उपस्थित विधि मंडल के अध्यक्ष श्री गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि दुर्योधन बाबू एक कुशल अधिवक्ता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे आजीवन गरीबों को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। दुर्योधन बाबू का विधि मंडल छपरा में भी काफी योगदान रहा है। वह अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कई बार जेल भी गए। मंगलवार को विधि मंडल में अधिवक्ताओं की मृत्यु उपरांत जो राशि विधि मंडल के तरफ से दिया जाता है उसको लागू करने में दुर्योधन बाबू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।अधिवक्ता सियाराम सिंह ने दुर्योधन बाबू को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्योधन बाबू एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जो देश के आजादी के बाद भी समाज के बेहतरीन के लिए लगातार संघर्ष करते रहे ।वे राहुल सांकृत्यायन एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में किसानों के लिए भी काम किए वे एक किसान नेता भी थे ।विधि मंडल के वरीय अधिवक्ता उमाशंकर सिंह ने कहा कि दुर्योधन बाबू गांधी जी के करो या मरो के नारा पर अपनी अच्छी वकालत का प्रेक्टिस छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े, सारण जिला में स्वतंत्रता आंदोलन में दुर्योधन बाबू का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है ।दुर्योधन बहू के व्यक्तित्व का प्रभाव मेरे जीवन पर भी बहुत परा वे मेरे आदर्श रहे है ।सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दुर्योधन बाबू के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर अधिवक्ता मुरारी शरण सिन्हा ,कुंज बिहारी शरण ,मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव, कुमार शशि रंजन, अरविंद कुमार सिंह, हरि नारायण सिंह ,रचित भारती आदि बहुत से लोग उपस्थित थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शिवनाथ सिंह( अ.प्र. रीजनल मैनेजर,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया)ने कहा कि दुर्योधन बाबू महल स्वतंत्रता सेनानी, कुशल अधिवक्ता, समाज सेवी ,शिक्षा प्रेमी एवं एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे ।सभा के अंत में ट्रस्ट के सचिव एवं दुर्योधन बाबू के पुत्र अधिवक्ता शिव प्रकाश सुमन ने कहा कि दुर्योधन बाबू अपने पिता के एकलौते पुत्र होते हुए देश की आजादी की लड़ाई सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही समाज के बेहतरी के लिए भी लड़ते रहे, सामाजिक कृतियों के खिलाफ भी उनकी लड़ाई अनवरत चलती रही। छपरा के जगदम महाविद्यालय एवं जयप्रकाश महिला महाविद्यालय की स्थापना में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। विधि मंडल में भी अधिवक्ता कल्याण कोष की स्थापना में दुर्योधन बाबू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे 1938 से छपरा सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस प्रारंभ किए थे। वे एक किसान पुत्र थे। देश और समाज के हित में किए गए उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। इसी के साथ ही ट्रस्ट के सचिव ने आगंतुक सभी अधिवक्ताओं एवं आम जनों का आभार व्यक्त किया।

# मेल्विन जोंस के जन्मदिन पर डॉ अनिल कुमार ने जरूरतमद महिलाओं के बीच किया साड़ी कपड़ा का वितरण

■ मेल्विन जोन्स एक स्वप्नदर्शी, एक कर्मठ और एक व्यावहारिक व्यक्ति थे: डॉ अनिल

■ लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक सदस्य मेल्विन जोंस का जन्मदिन मनाया गया

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक सदस्य मेल्विन जोंस का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। लायंस क्लब छपरा सारण के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार व क्लब के सदस्यों ने संयुक्त रूप से संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटर निटी सेंटर के प्रांगण में सोमवार को देर शाम में मेल्विन जोंस का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर गरीब असहाय दर्जनों महिलाओं के बीच साडी कपड़ा वितरण भी किया गया। इसके पहले केक काटकर सेलिब्रेट किया गया और मेल्विन जोंस के व्यक्तित्व पर चर्चा किया गया। इस मौके पर लायंस डॉ अनिल कुमार ने कहा कि मेल्विन जोन्स एक स्वप्नदर्शी, एक कर्मठ और एक व्यावहारिक व्यक्ति थे। वह एक ऊजार्वान, बहिमुर्खी सेल्समैन थे। उन्होंने कहा कि इस मौके पर संजीवनी नर्सिंग होम में कार्य करने वाली व आस पास के जरूरतमंद महिलाओं के बीच साडी कपड़ा का वितरण किया गया. उन्होंने कहाँ कि मनवता और देश का सेवा करना ही उनका धर्म था. उन्होंने एक क्लब को अपने कड़ी मेहनत लगन से इतने बड़े लेबल पर पहुंचाने का काम किए. उनसे हम लोंगो को यही सिख लेना चाहिए कि अपना सेवा करते हुए समाज कि सेवा करनी चाहिए चाहे कोई भी मुश्किल वक़्त हो घबराना नहीं चाहिए और अपने कार्य को नियमित रूप से करते रहना चाहिए। इस मौके पर क्लब के सभी सदस्यों ने अपनी बातो को रखते हुए मेल्विन जोंस के जन्मदिन की शुभकामनायें दी।

इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, लायंस विक्की आनंद, लायंस, स्वेताक राय पप्पू, लायंस डॉ ओपी गुप्ता, लायंस प्रमोद मिश्रा, लायंस नागेंद्र जी, लायंस साकेत श्रीवास्तव, दसरथ राय, स्वेता सिंह, शैलेश यादव, समेत इत्यादि मौजूद थे।

# अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

प्रातः किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर। प्रखंड के मलखाचक गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर स्थित हनुमान जी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा राम जानकी मंदिर परिसर से हाथी घोड़ा बैण्ड बाजे के साथ निकली जिसमें सैकडों पुरुष महिला श्रद्धालु शामिल थे ।कलश यात्रा पूरे मलखाचक गांव का भ्रमण कर गंगा नदी सीढी घाट पहुचें जहां आचार्य पंडित मनोज पाण्डेय, विश्वजीत पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, राम जी पाण्डेय एवं जयनारायण पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी श्रद्धालुओ ने कलश में जलभरी कर पुनः सभी मंदिर परिसर पहुंचा जहां सभी कलश को स्थापित कर 24 घंटे का अखंड अष्टांम का शुभारंभ हुआ। बुधवार को अष्ट्याम समाप्ति के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा ।इस कार्यक्रम को सफल कराने में अरुण सिंह, इन्द्रजीत सिंह, प्रेम सिंह, पूर्व मुखिया सुधीर सिंह, विकास सिंह, चितरंजन सिंह,चंदन सिंह,संजय सिंह समेत समस्त ग्रामिणों का सहयोग मिल रहा है।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने नदी में लगाई आस्था की डुबकी

प्रातः किरण, संवाददाता



मांझी। कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के बावजूद मकर संक्रांति पर्व को लेकर मांझी के राम घाट पर सरयू नदी में हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई तथा दान पुण्य किया। वही मांझी के डुमाईगढ़ घाट, डुमरी,बाबा मधेश्वरनाथ, मटियार, घोरहट आदि घाटों पर मंगलवार को अहले सुबह से ही श्रद्धालु नदी में डुबकी लगाने उमड़ पड़े। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाने के बाद भगवान सूर्य जल अर्पित किया और सरयू नदी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने नदी घाट पर मौजूद ब्राह्मणों और गरीबों को तिल,चावल, तिलवा,गुड,उड़द की दाल आदि का दान किया। फिर प्रेम से दही-चूड़ा का स्वाद चखा।

मांझी में स्नान करने के लिए विभिन्न इलाके से लोग सुबह से लेकर दोपहर बाद तक पहुंचते रहे। इस दौरान स्थानीय प्रसासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

वही नदी में स्नान करने के दौरान किसी अनहोनी को लेकर गोताखोर ततपर दिखे। जबकि प्रसासन द्वारा नदी में मोटरवोट के परिचालन पर रोक लगा दिया गया था। वही सुरक्षा को लेकर नदी घाट के किनारे महज दिखावे के लिए बेरिकेटिंग कराया गया था।इस दौरान मांझी घाट पर मेला लगा हुआ था। जहां श्रृंगार प्रसाधन के अलावे कई अन्य समानों की दुकानों लगी थी। जहाँ महिला पुरुषों की भीड़ लगी हुई थी।

# महान विभूति ब्रजकिशोर बाबू की 147 वीं जयंती किंडरगार्टन में मनाई गई

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।मंगलवार को ब्रजकिशोर किंडरगार्टन में महान विभूति ब्रजकिशोर बाबू की 147 वीं जयंती मनाई गई ।इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य अजित कुमार, शिक्षकवृंद, छात्र वृंद एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रजकिशोर बाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप-प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा ब्रजकिशोर वंदना एवं भजन की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने ब्रजकिशोर बाबू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस ब्रजकिशोर बाबू के नाम पर हमारे विद्यालय का नाम रखा गया ऐसे महापुरुष की कर्मवीरता ही हमें उन्हें याद करने के लिए प्रेरित करती है और हम उनकी जयंती मनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

हम उनके सत्कर्मों को याद कर उनके बताए पथ पर अग्रसर होकर प्रगति की ओर बढ़ते रहें, यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विद्यालय की पाली प्रभारी मीना सिंह ने ब्रजकिशोर बाबू को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक रमेश श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य अजित कुमार ने किया।

### दो व्यक्तियों को नशे में हंगामा करते अलग-अलग जगहों से किया गया गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला स्थित नौरंगियां थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए अलग अलग दो जगहों से शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। नौरंगियां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक राणा रणजीत सिंह अपने दलबल के साथ गश्ती पर थे तभी इन्हें सूचना मिली कि सिरिसिया के जरलाहिया गांव में एक व्यक्ति शराब पीकर हंगामा कर रहा है ।उक्त स्थान पर गश्ती टीम पहुँच कर हंगामा करते व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसकी जांच की तो शराब पीने की पुष्टि हुई ।उसे लेकर चले तो फिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति नौरंगियां चौक के समीप सड़क किनारे गिरा हुआ है। उक्त स्थल पर जब पुलिस गश्ती टीम पहुंची तो देखा हो हल्ला कर रहा है।

# कड़ी मस्कत के बाद चुहड़ी से मगरमच्छ का हुआ रेस्क्यू



प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया। दो दिनों के कड़े मस्कत के उपरांत विशालकाय मगरमच्छ को वनविभाग की टीम ने चुहड़ी के निजी पोखरा से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है ।वनपाल मुकेश कुमार तथा वनरक्षी प्रफुल्ल कुमार के नेतृत्व में एक टीम को गठित कर वहां भेजा गया। रविवार से उक्त टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मस्कत के बाद सोमवार को विशालकाय मगरमच्छ रेस्क्यू कर लिया गया है। मुकेश कुमार वनपाल,प्रफुल्ल कुमार वनरक्षी ने संयुक्त रूप से बताया कि पकड़ा गया मगरमच्छ लगभग पांच फीट लम्बा है। जिसका वजन लगभग अस्सी किलो है। उन्होंने बताया कि उसे सुरक्षित रेस्क्यू के उपरांत गंडक नदी में छोड़ दिया जाएगा ।उधर मछली पालक एकबाल साह ने जिला प्रशासन तथा वनविभाग के अधिकारियों से मुवाजे की मांग किया है ।

# साहित्यिक गोष्ठियां कार्यशाला और विद्यालय का करती हैं कार्य

## इनके माध्यम से ही अदब और भाषा का होता है विकास :डॉ. एकबाल

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। स्थानीय और छोटी गोष्ठियां ही भाषा और साहित्य के विकास और संचार के सशक्त माध्यम हैं. यह कार्यशाला और विद्यालय के रूप में कार्य करती हैं. उक्त बातें उर्दू काउंसिल की सारण जिला शाखा के तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक गोष्ठी के मुख्य अतिथि उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने कहीं. उन्होंने कहा कि गोष्ठियां ऐसी अवसर होती हैं जहां स्थापित रचनाकार अपनी कृति को प्रयोगशाला की तरह परख सकते हैं. दूसरी ओर यहां नई पीढ़ी प्रशिक्षित होती हैं. साहित्य की समझ, भाषा की पकड़, सृजनात्मकता, उच्च चरित्र और नैतिक मूल्य आदि गुण विकसित होते हैं. यूं कहें कि साहित्यिक गोष्ठियां सभ्य समाज की जीवन रेखा हैं. कार्यक्रम के अध्यक्ष जेपी विश्वविद्यालय के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो मजहर किबरिया ने कहा कि वर्तमान तेज रफ्तार और डिजिटल युग में साहित्यिक महफिलों की महत्ता और उपयोगिता और भी बढ़ गई हैं. यूट्यूब, फेसबुक, एक्स और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से प्रशिक्षण संभव नहीं. क्योंकि वहां ऐसे बुजुर्ग, शिक्षक या कला विशेषज्ञ नहीं जो आपकी आलोचना और सुधार करने के लिए मौजूद हों. वे तत्काल अपनी बहुमूल्य राय दें. आपकी रचना, भाषा



और आचार-व्यावहार को संपादित कर सकें.

मेजबान डॉ. मोअज्जम अज्म ने मुख्य अतिथि और अध्यक्ष के साथ विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ अलाउद्दीन खान, प्रो अब्दुल सलाम अंसारी, अरशद परवेज मुन्नी और मो हाशिम का स्वागत करते हुए मंचासीन कराया. ग्लुकार कृष्ण मेनन ने अपनी मखमली आवाज से माहौल बनाया तो शमीम परवेज ने अपने शेर ह्यआंधियों में चराग-ए-वफा हम जलाते रहेंगे सदा, तेरी औकात ऐ जुल्मतों हम बताते रहेंगे सदा से ठंड में गर्मी का एहसास कराया. डॉ अज्म ने मौत को जिंदगी बनाने में, हम लगे हैं तुझे मनाने में से खूब वाह वाही बटोरी. जावेद एकबाल ने जब अपनी रचना अमीर-ए-हुस्न ने वादा ही बार-बार किया, गदा-ए-इश्क ने हर बार एतबार किया पेश किया तो महफिल वाह, बहुत खूब की सदा से गूंज उठी. शहजाद अहमद ने शब्दों का जादू बिखेरा तलाशता हूं अपना वजूद मैं खुद, बावजूद इसके के बा-वजूद हूं मैं डॉ किबरिया की रचना को भी खूब पसंद किया गया ह्यदुश्मन को करें कत्ल न अब जहर किया जाए, बेहतर है उसको नजर अंदाज किया जाए इनके अलावा जिन कवियों की रचनाओं को खूब पसंद किया गया उनमें रवि भूषण हंसमुख, शाहिद जमाल, अली अब्बास, डॉ अब्दुस समद भयंकर आदि उल्लेखनीय हैं. गोष्ठी में भाषा प्रेमी अबुल कलाम अंसारी, एडवोकेट तैय्यब अली, अरसलान आलम, अनवार आलम आदि मौजूद थे. शकील अनवर ने खूबसूरती के साथ का संचालन किया.

## रमना मैदान में जाने वाले लोगों को अब नहीं देना पड़ेगा शुल्क:महापौर

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने कहा कि शहरवासियों को जन सुविधा मेरे लिए सर्वोपरि है। रमना मैदान जनता के लिए है। निगम प्रशासन द्वारा नवनिर्मित रमना मैदान में प्रवेश के लिए जो कर का निर्धारण किया गया था, उसे मैने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने मंगलवार को आरा नगर निगम के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा। महापौर ने कहा कि अब रमना मैदान में जाने वाले लोगों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। यानि लोग निःशुल्क रमना मैदान में प्रवेश कर सकेंगे। रमना मैदान जनता के लिए है। जनता के हित के लिए मैंने यह निर्णय लिया है। आने वाले समय में नगर निगम में बजट पास कर रमना मैदान के सौन्दर्यीकरण व देखरेख का कार्य किया जाएगा।

## मकर संक्रांति पर संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से मकर संक्रांति महोत्सव 2025 का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा, आरा नागरिक प्रचारिणी सभागार में मकर संक्रांति के अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में नागरी प्रचारिणी आरा में भव्य मकर संक्रांति महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ जिला पदाधिकारी,उपविकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,लोक शिकायत एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय की बालिकाओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। साथ ही कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई मकर संक्रांति की आकर्षक पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया।जिला पदाधिकारी ने महोत्सव को संबोधित करते हुए मकर संक्रांति के महत्व और इसकी सांस्कृतिक धरोहर पर प्रकाश डाला। नागरी प्रचारिणी के प्रांगण में आयोजित एयर बैलून शो और पतंग उत्सव ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। महोत्सव में प्रतिभागियों ने लोक नृत्य, लोक संगीत, कथक और मकर संक्रांति पर आधारित विशेष नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। महोत्सव का समापन कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन सांस्कृतिक विविधता और परंपरा का जीवंत प्रतीक बना।

### भोजपुर जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित का किया समीक्षात्मक बैठक

आरा ।जिला पदाधिकारी भोजपुर,श्री तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स की धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि भोजपुर जिले में 5508 किसानों से 58586.85 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 5250.19 मीट्रिक टन अधिक धान की अधिप्राप्ति हुई है। राज्य खाद्य निगम भोजपुर द्वारा बताया गया कि 26 दिसंबर 2024 से समितियों से सीएमआर चावल) की आपूर्ति शुरू कर दी गई है एवं कुल 142 लॉट चावल प्राप्त कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा शतप्रतिशत किसानों का भुगतान नहीं होने एवं कुछ पैक्सो में कम कैश क्रेडिट की उपलब्धता पे नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को 48 घंटे में शतप्रतिशत किसानों का भुगतान तथा विभिन्न पेक्सो में कैश क्रेडिट की उपलब्धता सुनिश्वित करते हुए जनवरी 2025 के तृतीय सप्ताह तक दैनिक लक्ष्य के अनुरूप अधिप्राप्ति को सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

## उप विकास आयुक्त भोजपुर के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष और सचिव के साथ किया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2025 अंतर्गत निर्वाचक सूची एवं अन्य विषयों पर विचार -विमर्श हेतू जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -जिला पदाधिकारी भोजपुर के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त भोजपुर के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष / सचिव के साथ बैठक आहूत की गई।

उप विकास आयुक्त भोजपुर द्वारा उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष /सचिव को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2025 अंतर्गत निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन के उपरांत निर्वाचक सूची से सम्बंधित जानकारी दी गई !विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 7.1.2025 को सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है ।निर्वाचक सूची अंतर्गत लिंगानुपात में अपेक्षित वृद्धि हेतू अहर्ता प्राप्त सभी योग्य महिलाओं का निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतू बीएलए के माध्यम से सहयोग करने हेतू सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया गया। निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के उपरांत निर्वाचक सूची का सतत अद्यतीकरण का कार्य जारी है।

अतः अहर्ता प्राप्त योग्य व्यक्ति अहर्ता तिथि 1 अप्रेल,1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2025 के आधार पर निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतू फॉर्म 6 में अपना आवेदन अपने बीएलओ को भरकर दे सकते हैं या ऑनलाइन आवेदन भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट ँ३३स्र://५ङ्क३ी१२.ी्. ॅङ्क५.ल्ल पर अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी कर सकते हैं ! साथ ही विलोपन एवं संशोधन आदि हेतू भी विहित प्रपत्र में आवेदन ऑफलाइन /ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए )नियुक्त करने का अनुरोध सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष /सचिव से किया गया।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में दिनांक 25.1.2025 को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन सभी मतदान केंद्र स्तर /विधानसभा स्तर / जिला स्तर पर किये जाने के बारें में भी जानकारी दी गई।

उक्त बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी भोजपुर एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी, आरा सदर भी मौजूद रहे।

## भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा स्वर्गीय पंडित बिंदेश्वरी दूबे की 104 वीं मनाया गया जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा।भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रिमंडल में कानून, न्याय, श्रम, शिक्षा, परिवहन और स्वास्थ्य विभागों के मंत्री पद को सुशोभित करने वाले कुशल राजनेता स्वर्गीय पंडित बिंदेश्वरी दूबे जी की 104 वीं, जयंती समारोह स्थानीय पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तत्पश्चात आगत सभी पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और अतिथियों ने स्वर्गीय पंडित विंदेश्वरी दूबे जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। बाद में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम ने स्वर्गीय दूबे जी को महान स्वतंत्राता सेनानी, प्रखर वक्ता, राजनीतिक दूरदृष्टा और आमजनों के लिए सर्व सुलभ नेता बताया। अंत में मकरसंक्रांति के अवसर पर सभी देश वासियों की तरक्की हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

जयंती समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अशोक राम, शिवजी उपाध्याय, प्रोफेसर निर्मल सिंह, सत्यप्रकाश राय, अशोक यादव, रजी अहमद, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, श्रीधर तिवारी, जितेन्द्र शर्मा, डॉ आशुतोष ठाकुर, बीरेंद्र मिश्रा, पन्नग त्रिपाठी, घनश्याम उपाध्याय, रामानुज दुबे, शिव शंकर चौबे, मोहन दूबे,अब्दुल सलाम कुरैशी, प्रोफेसर अरुण सिंह, गजेंद्र चौधरी, घनश्याम चौधरी, सूर्य प्रकाश, डॉ भानु प्रताप सिंह उर्फ मुकुल, राकेश पाण्डेय, गोलू तिवारी, रितेश पांडेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीसी ने की पटना-आरा-सासाराम फोरलेन परियोजना की समीक्षा

आरा। भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया (भा.प्र.से) ने एनएच 119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन परियोजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी, उदवंतनगर को अंचल अन्तर्गत असनी एवं एडौरा मौजों का 3अ प्रारूप प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करने एवं अंचलाधिकारी गड़हनी, चरपोखरी एवं तरारी को अविलंब नोटिस की तामीला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा प्रक्रिया में तीव्रता लाने के लिए 17 जनवरी से विशेष कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। सासाराम एवं पटना के परियोजना निदेशकों को मार्ग संरेखण के तहत पिलरिंग कार्य समाप्त करने के लिए कहा।

## स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देश्वरी दूबे का मनाया गया जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा ,स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल ट्रस्ट, आरा के तत्वाधान में स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देश्वरी दूबे जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देश्वरी दूबे जी के स्मारक, आरा में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजली दी गई, जिसमें आरा के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। युवा नेता श्रीधर तिवारी, लेखक एवं समीक्षक श्री जितेंद्र सिंह, श्री कृष्ण, चंद्र दूबे, प्रो. नंदजी दूबे, समाजसेवी एवं पत्रकार श्री भीम सिंह भवेश, वरीय अधिवक्ता श्री राजनाथ सिंह, अधिवक्ता श्री अनूप तिवारी, श्री चंद्रमा दूबे तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रांगण में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी गणमान्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देश्वरी दूबे जी को स्मरण करते हुए, उनके कर्मठ राजनीतिक जीवन पर पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. नंदजी दूबे जी ने हुए पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिन्देश्वरी दूबे जी का जीवंत वर्णन किया। श्री कृष्ण चंद्र दूबे ने अपने शब्दों में उनके साथ के कुछ संस्मरण को भी साझा किया जिससे उनके विचार और समाज के सभी वर्गों के लिए सामाजिक उत्थान की उनकी सोच भी उजागर हुई। कार्यक्रम में सलेमपुर ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रांगण में संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मकर संक्रांति पर किया गया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा।बखोरापुर में मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंहअपने गांव बखोरापुर में स्वर्गीय बाबू गया सिंह सेवा संस्थान के तत्वाधान में विजय बहादुर सिंह के सुपुत्र द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया जिसकी अध्यक्षता अशोक सिंह और संचालन छोटू परमार के द्वारा किया गया, इस मौके पर दिलीप सिंह, अतुल राज ,आर्यन राज, पुनपुन सिंह, सोना सिंह संजीत कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे यह परंपरा पूर्वजों के द्वारा चली आ रही है।

### एक सप्ताह बीतने के बाद भी छात्र का नहीं चला पता

भोजपुर। घर से स्कूल के निकले छात्र का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं चल सका पता, भोजपुर के पिअनियां गांव के रहने वाले शौरभ कुमार 7 जनवरी को घर से स्कूल के लिए निकला था परन्तु एक सप्ताह के बाद भी घर वापस नहीं आ सका । परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है, पिता चंदन कुमार सिंह ने बताया की मैं पिछले कुछ वर्षों से आरा जीरो माईल के समीप किराए के मकान में रहता हूं, और मेरा पुत्र शौरभ कुमार के क्लास 9ं में पढ़ता हैं, जो की 7 जनवरी को घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन स्कूल नहीं पहुंच सका, स्कूल के छूटी होने के बाद खोज बिन करने के पर पता चला की वह स्कूल नहीं पहुंचा था।

### 15 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक मोकामा और बख्तियारपुर के मध्य एक्सप्रेस स्पेशल का परिचालन होगा

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 15 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक प्रतिदिन मोकामा और बख्तियारपुर के मध्य एक एक्सप्रेस स्पेशल 03571/03572 का परिचालन किया जायेगा । इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 65371/65372 जसीडीह-मोकामा मेमू के रेक द्वारा किया जाएगा ।

गाड़ी सं. 03571 मोकामा-बख्तियारपुर स्पेशल मोकामा से 00.20 बजे खुलकर 00.27 बजे मोर, 00.37 बजे पुनारख, 00.47 बजे बाढ़, 00.57 बजे अथमल गोला रूकते हुए 01.30 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी ।वापसी में, गाड़ी सं. 03572 बख्तियारपुर-मोकामा स्पेशल बख्तियारपुर से 03.30 बजे खुलकर 03.38 बजे अथमल गोला, 03.47 बजे बाढ़, 03.58 बजे पुनारख, 04.06 बजे मोर रुकते हुए 04.40 बजे मोकामा पहुंचेगी ।

## मकर संक्रांति पर कराया चूड़ा और दही का भोज चुनावी शक्ति प्रदर्शन जनता के पास:जय कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) मकर संक्रांति के अवसर पर चुरा दही के भोज में दिनारा विधानसभा मे जदयू के पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह के नेतृत्व में दावथ प्रखंड के मलिया बाग में हजारों लोगों ने दही चुरा और तिलकुट का आनंद लिया। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव भी नजदीक आ रहा है और इस लिहाज से भी इस भोज के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि भाजपा सहित एनडीए घटक के कई नेता इसमें शिरकत किए। वही इस कार्यक्रम में विधानसभा दिनारा के तीनों प्रखंड दिनारा, दावथ और सूर्यपुरा से हजारों समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बातचीत के क्रम में पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने इस कार्यक्रम को चुनावी लॉलीपॉप या शक्ति प्रदर्शन की बातों से अपने आप को दूर रहने का प्रयास किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम मेरे द्वारा प्रत्येक वर्ष कराए जाते हैं ।शक्ति तो जनता के पास होती है जो समय आने पर प्रदर्शित होती है। हालांकि उम्मीदवारी के सवाल पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह अवसर यह बतलाने वाला नहीं है ।लोग हर बार चुनाव में देख चुके हैं कि कौन आता है ?

इस बार भी वही होगा। वही बातचीत के क्रम में जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार चंद्रवंशी जदयू प्रखंड अध्यक्ष अशोक चौधरी, सुदामा पांडे , विद्याधर पांडे, मंटू पांडे एवं मनोज कुमार सिंह ने जदयू के समर्थन में लोगों के आने की बातें कहीं और कहां कि पूर्व मंत्री जयकुमार ही अगले विधानसभा के प्रत्याशी हैं और इनकी जीत सुनिश्चित है।

## पंचायत प्रतिनिधि 28 जनवरी को पटना में करेंगे अधिकार रैली

● भोजपुर जिले के प्रत्येक पंचायत से सैकड़ों की संख्या में लोग पटना पहुचेंगे

प्रातः किरण संवाददाता



आरा : जिला मुखिया महासंघ के बैनर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की विशेष बैठक होटल एकजोटिका में आयोजित हुई । बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों में कटौती को लेकर संघर्ष का ऐलान करते हुए राज्य मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया की आगामी 28 जनवरी को पटना के मिलर स्कूल ग्राउंड में अधिकार रैली का आयोजन किया गया है । रैली के माध्यम से पटना पहुंचकर बिहार के प्रतिनिधि अधिकारों में कटौती किए जाने के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे । सरकार को यह बताने का काम करेंगे कि आपके अधिकारी किस प्रकार से पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त कर रहे हैं ।सरकार में बैठे हुए लोग लगातार प्रतिनिधियों को कमजोर करने पर तुले हुए है । अधिकारी नहीं चाहते कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेही निभा सके । अधिकारी पूरी व्यवस्था को अपने कब्जे में रखना चाहते हैं । संविधान से प्राप्त 29 अधिकार को समाप्त कर दिया गया है ।ग्राम सभा के महत्व को समाप्त कर दिया गया है । पंचायतों के विकास योजनाओं के लिए दी गई राशि को टायड अन टायड में उलझा दिया गया है । गाँव के लोग अपने चुने हुए प्रतिनिधि से काफी उम्मीदें रखते है लेकिन आज प्रतिनिधि उसका समाधान नहीं करा सकते है । सरकार को अगर पंचायतों को अधिकार नहीं देना है तो चुनाव ही बंद करवा दे ।उन्होंने कहा कि रैली में जिले के पंच सरपंच मुखिया वार्ड सदस्य सभी अपने गाँव की जनता के साथ भाग लेंगे ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला मुखिया महासंघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा की भोजपुर के लोग पूरी ताकत से एकजुट होकर पटना चलेंगे । बैठक का संचालन मुखिया प्रतिनिधि विजय प्सिंह ने किया । बैठक में मुख्य रूप से जगदीशपुर के मुखिया शशुमलाता कुशवाहा रामसुभग सिंह सत्येंद्र सिंह विनय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे ।आज दिनांक 13/01/2025 त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों के कटौती के खिलाफ भोजपुर जिला मुखिया संघ की महा बैठक होटल आरा एक्जोटिका पूर्वी गुमती आरा में आयोजित की गई ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मिथिलेश कुमार राय थे। इस बैठक की अध्यक्षता भोजपुर मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष श्री हरेंद्र प्रसाद यादव ने किया इस बैठक में सभी प्रखंड से आए हुए मुखिया एवं प्रखंड अध्यक्षों के द्वारा बारी-बारी से समस्याओं को सुना गया बैठक में भोजपुर मुखिया संघ के प्रवक्ता सुषमालता कुशवाहा, भोजपुर जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष लाल मुक्ति पासवान, विनय प्रताप सिंह प्रखंड के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, मुखिया संघ के उपाध्यक्ष मिया सिंह एवं भोजपुर जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने विशेष रूप से संबोधित किया और सरकार के कटौती के खिलाफ होने वाली एक जुट रहे ।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी को प्रसाद के रूप में किया गया वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मंगलवार को जहां दही चूड़े का भोज हुआ तो वहीं कुछ स्थानों पर खिचड़ी बनाकर लोगों ने इस पर्व को मकर संक्रांति के तौर पर मनाया और प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के हरे शाक सब्जियों से मिश्रित खिचड़ी को ग्रहण किया। प्रखंड मुख्यालय दावथ के बुढ़वा शिव मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के और से मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों के अलावे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं में खिचड़ी को प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया ।आयोजक प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रत्येक वर्ष संघ परिवार की ओर से आपसी भाईचारे के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को आमंत्रित कर प्रसाद स्वरूप खिचड़ी खिलाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज सिंह के अलावा मदनपाल, बीडीसी गुड्डू तिवारी, पूर्व बिडीसी प्रवेज सिद्दीकी, अनिल वर्मा, कामेश्वर गिरी, सत्यम गिरी,प्रकाश गिरी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## भारत के पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह के श्रद्धांजलि समागम का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) : आज ऐतिहासिक गुरुद्वारा चाचा फगुमल साहिब जी में प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह के श्रद्धांजलि समागम का आयोजन सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में सासाराम की समस्त सिख संगत ने किया मौके पर हजुरी रागी जत्था भाई साहब भाई विकास सिंघ, भाई राजवीर सिंघ, भाई पंकज सिंघ ,भाई समरजीत सिंघ, हरमीत कौर ,ज्योति कौर, मनदीप कौर के द्वारा कीर्तन दरबार में कीर्तन के द्वारा हाजरी लगाई गई भारी संख्या में संगत आकर अपनी अपनी श्रद्धा सुमन डॉक्टर साहब के शान में रखी मौके पर जत्थेदार सरबजीत सिंघ खालसा एडवोकेट ने बताया सिख पंथ ने देश का ऐसा एक प्रधानमंत्री दिया जो देस ही नहीं बल्कि दुनिया के डगमगाती डूबती अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर इस देश का नाम रोशन करने का काम किया था दो बार प्रधानमंत्री पद पर रहकर के जो खिदमत सेवा अपने देश के उन्नति में किया वह एक लंबी लकीर खींची गई है जिसे दुनिया कायम रहने तक लोग डॉक्टर साहब को याद रखेंगे बिल्कुल साफ सुथरा सरल भाषी डॉक्टर मनमोहन सिंह का जन्म पाकिस्तान में हुआ सरकारी विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने एवं देश बटवारा के समय आप अमृतसर पंजाब आकर बसे और साधारण विद्यालय से महाविद्यालय विश्वविद्यालय एवं देश विदेश के उच्च संस्थानों में अपने कुशाग्र बुद्धि के कारण अपने उच्च शिक्षा प्राप्त की और स्वभाव से उतना ही निर्मल एवं सहृदय वाले व्यक्तित्व का पहचान थे गुरु महाराज ऐसे ही कृपा देश की उन नेताओं पर भी करें जिन्हें देश की बागडोर सौंप गई है कहने में कोई शंका नहीं आज देश महंगाई की मार से जूझ रहा है काश अगर डॉक्टर साहब नीतियों का इंप्लीमेंट होता रहता तो हम इस गिरावट में नहीं पढ़ते सारी आई हुई नानक नाम लेवा संगत की तरफ से अरदास है सच्चे पातिशाह डॉक्टर साहब को अपने चरणों में स्थान दें प्रधान सरदार सूचित सिंघ ने भी अपने उदगार में डॉक्टर साहब के शांत सरल स्वभाव की चर्चा करते हुए डॉ साहब के द्वारा देश दुनिया के लिए किए कार्य पर प्रकाश डाला मित प्रधान मनजीत सिंघ, जनरल सेक्रेटरी सरदार समर सिंघ, सेक्रेटरी हरगोविंद सिंघ कैशियर, चरणजीत सिंघ ,धर्मेंद्र सिंघ, कमलजीत सिंह ,पूर्णिमा कौर ,गुरमुख सिंघ, रामलाल ,मनजीत सिंघ, सतनारायण सिंघ ,पप्पू सिंघ, शिवम कुशवाहा, समी सिंघ ,कृपाल सिंघ, सतनाम सिंघं आदि थे।

## सूरत स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किये जाने के कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर।रेलवे प्रशासन द्वारा पश्चिम रेलवे के सूरत स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किये जाने के कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

सूरत के बजाए उधना स्टेशन पर समापन कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1.दिनांक 19.01.2025 से 02.03.2025 तक मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का समापन सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर किया जाएगा तथा यह ट्रेन 17.10 बजे उधना पहुंचेगी ।

2.दिनांक 18.01.2025 से 01.03.2025 तक मालदा टाउन से खुलने वाली गाड़ी सं. 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस का समापन सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर किया जाएगा तथा यह ट्रेन 03.45 बजे उधना पहुंचेगी ।

### सूरत के बजाए उधना स्टेशन पर ठहराव प्रदान कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

1.दिनांक 06.03.2025 तक मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर प्रदान किया गया है ।इस अवधि में यह ट्रेन 07.55 बजे उधना पहुंचेगी और यहां से 08.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

2.दिनांक 18.01.2025 से 01.03.2025 तक आसनसोल से खुलने वाली गाड़ी सं. 19436 आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर प्रदान किया गया है ।इस अवधि में यह ट्रेन 07.55 बजे उधना पहुंचेगी और यहां से 08.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## खाद के किल्लत से किसान परेशान ,कई दिनों से लगा रहे हैं दुकान का चक्कर

प्रातः किरण संवाददाता



रोहतास(रोहतास) ।रोहतास प्रखंड क्षेत्र के किसानों को खाद के किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। रवि फसल में यूरिया की खपत बढ़ गई है जिसे लेकर किसान खाद दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। वही खाद दुकानदार सरकारी दाम से 80 बढ़ाकर खाद दे रहे हैं। जिससे कि किसानों का बजट बिगड़ रहा है ।किसान सुरेंद्र सिंह राजेश सिंह रामकृपाल यादव मधेश्वर सिंह आदि का कहना है कि रवि फसल में यूरिया की खबर अधिक बढ़ जाती है। पौधों को हरियाली के साथ अधिक उपज के लिए रासायनिक यूरिया की आवश्यकता होती है। फसल को बेहतर पैदावार के लिए दो से तीन बार यूरिया का डालना पड़ता है। किसान इसी डर से खेतों में यूरिया डालते हैं कि फसल बढ़िया और अधिक यूरिया की कमी का फायदा उठाते हुए दुकानदार किसानों से अधिक दाम लेकर यूरिया खाद दे रहे हैं। यूरिया के किल्लत से दुकानदार मनमानी ढंग से खाद की बिक्री कर रहे हैं। यूरिया की कीमत सरकारी दर 266 रुपए है। जबकि दुकानदार 300 से लेकर 360 रुपए में बेच रहे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को तीन लाइसेंस धारी दुकानों की जांच भी की जहां प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा सरकारी मूल्य पर लगभग 371 बोरी खाद्य किसानों को उपलब्ध कराई गई। जिला कृषि पदाधिकारी रामकुमार ने कहा अगर किसी दुकानदार द्वारा अधिक मूल्य पर खाद्य बिक्री की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कानून कारवाई की जाएगी एवं उनका लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना,बुधवार,15 जनवरी, 2025



## बस स्टैंड में बना यात्री पड़ाव का मुख्य पार्षद ने किया फीता काटकर शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। बस स्टैंड में आने जाने वाले राहगीरों को मकर संक्रांति के मौके पर मिला बड़ा उपहार नगर परिषद शेरघाटी की ओर से बनाया गया बेहतर यात्री सेड बता दे, नया बाजार बस स्टैंड मे13 लाख रुपए के खर्च के बाद बनाया गया भव्य यात्री सेड जहाँ जिसका उद्घाटन मंगलवार को मुख्य पार्षद श्रीमती गीता देवी,उपमुख्य पार्षद तालकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है। बातचीत के दौरान मुख्य पार्षद गीता देवी ने बताया कि आने-जाने वाले राहगीरों को बस के इंतजार करने के लिए काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता था जिसे बैठने की कोई सुबिधा नही थी, बरसात, गर्मी या ठंड के समय में लोगों को बैठने का जगह नहीं था। यह पहला मेरी प्राथमिकता है कि अपने चुनाव के दौरान किये गए वायदे को बारी बारी से पूरा करे और शेरघाटी को स्वच्छ व सुंदर बनाए ।वायदा को पूरा करने में जुटे हुए है यह यात्री सेड में सुबिधाये भी दी गई है,यहाँ पर कुर्सी, सीसीटीवी कैमरा,टीवी, वाईफाई आदि की भी सुबिधा दिया गया है।

# डोभी में ईंट भट्ठा मुंसी की हत्या में चार अभियुक्त गिरफ्तार

## एसपी ने किया प्रेसवार्ता में खुलासा

■ मुंसी के हत्या के बाद मोबाइल पर धमकी देकर मांगी गई 25 लाख का रंगदारी नही अंजाम भुगतने को दिया था धमकी

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। डोभी थाना क्षेत्र के पीडासिन गांव में ईट भट्ठा मुंशी के हुई हत्या के मामले में डोभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में संलिप्त चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है प्रेस वार्ता के दौरान गया एसपी सिटी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि बीते 4 जनवरी को ईट भट्ठा पर एक मुंशी को गला रेतकर दिया गया था। जिसकी पड़ताल हेतु डोभी पुलिस एवं तकनीकी शाखा एवम गया पुलिस के पदाधिकारियों को शामिल किया गया था एफएसएल की टीम डॉग स्क्वायड समेत पुलिस विभाग द्वारा जांच पड़ताल की जा रही थी।

इसी जांच पड़ताल के क्रम में पुलिस को यह पता चली की कुछ दिन पूर्व ही मुंशी को किसी के साथ झगड़ा हुआ था, इसी जांच क्रम में डोभी थाना में अनजान नम्बर से 25 लाख रुपये रंगदारी मांगने की मुकदमा दर्ज कराई जाती है,और धमकी दिया जाता है,की जैसे मुंसी के तरह तुम्हारा भी हत्या कर दूंगा,इसी क्रम में डोभी थाना कांड संख्या 10/25 में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू किया गया। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने ओम प्रकाश तारचुआ को पकड़ा तो अपनी संलिप्तता बताते हुए उसके निशानदेही पर रामकुमार उर्फ रामू, पिछुलिया छकरबंधा, राकेश कुमार धनेटा, एवं सोनू कुमार बाँकेबाजार को गिरफ्तार किया गया, पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया। एसपी सिटी ने बताया कि इन सभी लोगों की दोस्ती जेल में हुई थी उसके बाद प्लानिंग के तहत इस कांड का अंजाम दिया गया। वहीं पकड़े गए अभियुक्त के पास से दो मोबाइल एक धारदार हथियार जिससे हत्या की गई थी।

# भारत ऊर्जा सप्ताह 2025: ऊर्जा सहयोग का नया मंच

प्रातः किरण संवाददाता




पटना । दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक, भारत ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 (आईईडब्ल्यू 2025) का आयोजन 11 से 14 फरवरी के बीच नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई) द्वारा आयोजित यह सम्मेलन ऊर्जा के भविष्य पर वैश्विक संवाद को दिशा देगा।

इस साल का भारत ऊर्जा सप्ताह पहले से कहीं अधिक भव्य होगा। 70,000 से अधिक प्रतिनिधियों, 700 से अधिक प्रदर्शकों और 120 से ज्यादा देशों की भागीदारी इसे खास बनाएगी। 20 से अधिक देशों के ऊर्जा मंत्री और 90 से ज्यादा वैश्विक कंपनियों के सीईओ, जैसे बीपी, टोटलएनर्जीस, कतरएनर्जी, एडीएनओसी, बेकर ह्यूजेस और विटोल समूह आदि इसमें शिरकत करेंगे।

आईईडब्ल्यू 2025 में सात प्रमुख विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें स्वच्छ ऊर्जा, कार्बन उत्सर्जन में कटौती, डिजिटल इनोवेशन, ऊर्जा सहयोग आदि शामिल हैं। इस साल खासतौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा भंडारण, ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अत्याधुनिक विषयों पर चर्चा होगी।

यह आयोजन ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ईंधन समाधान और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने का एक प्रभावशाली मंच बनेगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन के अनुसार, आईईडब्ल्यू 2025 ऊर्जा परिवर्तन और नवाचार का केंद्र बनेगा, जहाँ विश्व भर के हितधारक ऊर्जा के भविष्य को आकार देने के लिए एक साथ आएँगे।

भारत, जो वैश्विक ऊर्जा बदलाव में एक मजबूत भूमिका निभा रहा है, इस मंच का उपयोग अपनी प्रमुख योजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए करेगा। नीति आयोग, ऊर्जा मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

आईईडब्ल्यू 2025 में अविन्या एनर्जी स्टार्टअप चैलेंज 2.0 आयोजित किया जाएगा, जिसमें उभरते स्टार्टअप्स को अपने नवीन समाधान पेश करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, छात्रों और नवाचारकर्ताओं के लिए निःशुल्क कार्यशालाएँ भी होंगी। यह आयोजन न सिर्फ भारत, बल्कि वैश्विक ऊर्जा भविष्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा।

# जीबीएम कॉलेज में सेबी की ओर से फाइनेंशियल वेलनेस विषय पर वेबिनार का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रोफेसर इन्चार्ज डॉ. अफशां सुरैया के निरीक्षण एवं अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा शादाब के संयोजन में अर्थशास्त्र विभाग एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ह्लफाइनेंशियल वेलनेसह्व विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सेबी की पदाधिकारी शीतल राठी ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं प्रतिभागी प्रोफेसरों को फिक्सड डिपॉजिट, म्युचुअल फन्ड्स, स्मार्ट निवेश, स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट, निवेश के शॉर्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म गोल्स के बारे में बिंदुवार जानकारियाँ दीं गई है।

राठी ने पावर प्वाइंट के माध्यम से प्लान फॉर इमरजेंसी, फैमिली गोल्स एवं रिटायरमेंट गोल्स के बारे में स विस्तार हुए छात्राओं से अनेक प्रश्न पूछे। छात्राओं ने उत्सुकता दिखाते हुए निवेश संबंधी अपनी समस्याओं एवं शंकाओं के निवारण हेतु श्रीमती राठी से बढ़चढ़कर प्रश्न पूछे। इस ज्ञान सत्र-सह-अभिनव वातार्लाप पर आधारित वेबिनार में डॉ. शगुफ्ता अंसारी, डॉ नगमा शादाब, डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ. सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी की उपस्थिति रही है। वेबिनार में छात्राओं को भारतीय बैंको में निवेश, सुरक्षा तथा फायदेमंद बचत पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गयीं है।

ज्ञातव्य है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला एक वैधानिक निकाय है, जिसका कार्य प्रतिभूति बाजार को विनियमित करना और बढ़ावा देने के साथ ही प्रतिभूति में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों की रक्षा करना है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सेस्टोबॉल का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा खेलो भारत के तहत जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सेस्टोबॉल का आयोजन किया गया,जिसका नेतृत्व जिला संयोजक अमर कीर्ति ने किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अरवल सदर थाना अध्यक्ष साबरी अली एवं अभाविप के प्रदेश सह मंत्री सूरज कुमार, स्टूडेंट फॉर सेवा के प्रदेश सह संयोजक विकाश कुमार ने स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुरूआत किया जिसमें थाना अध्यक्ष साबरी अली ने कहा कि खेल वो गतिविधियाँ है जो, व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाता है। यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम को करने के लिए सक्षम बनाता है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में, शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है।शिक्षा को बिना खेलों के अधूरा माना जाता है क्योंकि खेलों के साथ शिक्षा, बच्चों का अध्ययन की ओर अधिक ध्यान खिंचती है। प्रदेश सह मंत्री सूरज कुमार ने बताया कि बच्चों को अपने स्कूल में आयोजित होने सभी खेलों में अपनी झिझक को हटाकर आगे बढ़ने के लिए भाग लेना चाहिए। स्पोर्ट्स और खेल एक अच्छे खिलाड़ी के लिए अच्छा भविष्य, कैरियर के रुप में रखते हैं। प्रदेश संयोजक विकाश कुमार वर्मा ने बताया कि किसी भी खेल में सफलता पाने के लिए कठोर मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। यह हमें जीवन में संघर्ष और सफलता की अहमियत सिखाता है। इसलिए, हम सभी को खेलों को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए, ताकि हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और जीवन में सफल हो सकें।इस मौके पर लक्ष्य स्पोर्ट एकेडमी के संचालक सुनील कुमार है, सोनू यादव , खुशी कुमारी,काजल कुमारी, प्रिया कुमारी, शुभम मिश्रा,राहुल धर्म कुमार, अमन कुमार,नीरज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# दानिका द्वारा अनमोल रत्न कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में जनहित समाजहित को पोषित विशेष कार्यक्रम के निमित अनमोल रत्न का कार्यक्रम आयोजित किया गया।दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार उर्फ दानिका महाराज के नेतृत्व में अनमोल रत्न कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रथम अनमोल रत्न समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा जी को घोषित किया गया। डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि अनमोल रत्न के माध्यम से प्रत्येक महीने के द्वितीय सप्ताह एवं चौथे सप्ताह में छुट्टी के दिनों में साहित्य,संगीत एवं अन्य सामाजिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले हस्तियों के साक्षात्कार प्रस्तुत किया जाएगा।जिसमें, दानिका परिवार के ही विद्यार्थी उद्घोषक की भूमिका निभाएंगे।आज के अनमोल रत्न कार्यक्रम में दानिका के छात्र कुंदन सिंह एवं शिवांगी सिंह ने डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा से साहित्य से संबंधित विभिन्न प्रश्नोंत्तर का विचार समन्वय किया। जिसमें डॉक्टर मिश्रा ने साहित्य के प्रति वर्तमान युवा पीढ़ी कैसे समर्पित हो इससे जुड़ने की बातें कहीं।आज युवा पीढ़ी साहित्य से जो कटती जा रही है इसके पीछे डिजिटल जमाने में मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग को भी बताया।वहीं साहित्य ही सभी समस्याओं का हल हो सकता है इसके बारे में भी चर्चा की।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी,जिला हिंदी साहित्य के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की गरिमामई उपस्थिति रही।मौके पर केन्द्राधीक्षक शशि देवी,मोहित कुमार सिंह,अंजली सिंह,अमिशा गायकवाड, पल्लवी,मन्नत, खुश्बू सहित अन्य उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब गया सनराइज द्वारा तिलकुट, चूड़ा वितरण और मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




गया ।इनर व्हील क्लब गया सनराइज ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अन्नपूर्णा महिला भिक्षुक गृह, बोधगया में तिलकुट और चूड़ा का वितरण किया गया है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं की मदद करना और समाज में मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर क्लब की सक्रिय सदस्य डॉ. दीप्ति कव्या ने वहां की महिलाओं को मुफ्त चिकित्सा परामर्श और आवश्यक दवाएं भी प्रदान कीं गई है। उन्होंने महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान से सुना और उचित इलाज के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया है।क्लब की अध्यक्ष डॉ तेजस्वी नंदन ने कहा, हमारा प्रयास है कि समाज के कमजोर वर्गों को सहारा दें और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। त्योहार के इस अवसर पर यह आयोजन हमारे इसी उद्देश्य का हिस्सा है।इस मौके पर क्लब की अन्य सदस्य डॉ सादिया सूरी एवं डॉ निभा जेएन भी उपस्थित थी।अन्नपूर्णा महिला भिक्षुक गृह में निवास कर रहीं महिलाओं ने इस प्रयास के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मदद से उन्हें न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से भी प्रोत्साहन मिलता है।इनर व्हील क्लब गया सनराइज के इस नेक कार्य की सराहना की जा रही है।

## एक सौ एक डे पर इनर व्हील क्लब द्वारा कंबल का वितरण किया गया

गया ।इनर व्हील क्लब आफ गया के बैनर तले 101वी इनर व्हील डे पर बोध गया सुजाता बाईपास भिक्षुक गृह में कंबल और खाने का सामान, चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है' ज्ञात हो कि वहां ऐसी महिलाएं हैं जो कि अपनी दिमागी याददाश्त खो चुकी हैं, और अपने घर का पता नहीं बतला नहीं पा रही हैं। कुछ ऐसी महिलाएं हैं जिनको उनके परिवार वालों ने घर से निकाल दिया है।भीषण ठंड को देखते हुए इनर व्हील क्लब द्वारा 101 कंबल और चूड़ा तिलकुट इत्यादि का वितरण किया गया है।अलीपुर गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच भी यह वितरण किया गया है।सभी ने लोगों ने तहे दिल से इनर व्हील क्लब को शुक्रिया अदा किया है ।पीसी किरण प्रकाश एवं पीसी ऋतु डालमिया के सहयोग से पूरा कार्यक्रम किया गया है 'इस मौके पर प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने कहा हमारे क्लब से हर साल भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल और खाने की सामग्री दी जाती है। इस कार्यक्रम में पी ए एस दूर्वा सहाय ,पीडीस, किरण प्रकाश आदि थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में पत्रकारों के लिए चूड़ा दही भोज का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल।जिले के चर्चित विद्यालय बैदराबाद तेजपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल मे विद्यालय के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार के द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर पत्रकारों के लिए चूड़ा दही भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है जो पौष मास के सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान पुण्य जैसे कार्यों का विशेष महत्व होता है। चूड़ा दही भोज में शामिल पत्रकार गण राहुल कुमार रंजन कुमार प्रीतम कुमार रोहित मिश्रा आजाद खान आरिफ समेत दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे

अगर इस विद्यालय के हम बात करें तो शब्दों में भी बयां नहीं किया जा सकता है ।ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि दिल्ली पब्लिक स्कूल अरवल जिले में नहीं बल्कि इसके पड़ोसी जिलो में भी नाम प्रचलित है। यह विद्यालय बहुत ही कम समय में अपने मुकाम हासिल कर एक अलग पहचान बनाई है ।शिक्षा के क्षेत्र हो या फिर खेल के क्षेत्र में हो हर लोग के जुबान पर टिकी है दिल्ली पब्लिक स्कूल ।दिल्ली पब्लिक स्कूल के कई छात्र-छात्राओं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेलों में परचम लहराया है उन सभी खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर भी नवाजा गया ।खिलाड़ियों ने अरवल जिले के साथ-साथ बिहार राज्य को भी नाम रोशन किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जब विद्यालय खुला तो महज 1 वर्ष ही चला उसके बाद पूरे देश कोरोना महामारी से झेलने लगा तब स्कूल के सभी बच्चे इधर-उधर बिखर गए ।जिससे सभी शिक्षकों पर आर्थिक स्थिति की संकट उत्पन्न हो गई थी फिर भी मेरे हौसला नही रुका और ऑनलाइन के माध्यम से विद्यालय सभी बच्चों को क्लास देने लगे। उसके बाद कोविंड-19 खत्म होने के बाद फिर से सभी शिक्षक अपने पूरी लग्णता के साथ है बच्चों के शिक्षा देने के कार्य करने लगे

## बम ब्लास्ट मामले में पुलिस ने एक को भेजा जेल

शेरघाटी ।बीते दिनों शेरघाटी शहर के स्वास्थ्य विभाग के रिटायर्ड डायरेक्टर डॉक्टर तपेश्वर प्रसाद के मकान पर बम ब्लास्ट करने एवं रमन मोहल्ले में बम फट जाने से दो बच्चे के घायल हो जाने के बाद पुलिस ने उक्त मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, इधर जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शहर के रमना मोहल्ले में बम ब्लास्ट के बाद दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी क्रम में करवाई करते हुए जुम्मन मियां नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, पुलिस ने बताया कि इस ब्यक्ति के मकान पर बम बनाया जा रहा था,जो बात को छिपाने का प्रयास किया जा रहा था। इस घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# गया जिला भाजपा के अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता




गया जिला भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी में गया जिला भाजपा के अध्यक्षो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर गया जिला भाजपा के दोनों अध्यक्षों, विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू, का अभिनंदन किया गया है। दोनों अध्यक्षों को भगवान विष्णु के चरण चिन्ह, अंगवस्त्र, माला, और फूल भेंट कर उनका स्वागत किया गया है।इस कार्यक्रम मे भाजपा कार्यकताओं और अन्य लोगो ने भाग लिया है। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने स्वागत करते हुए दोनों अध्यक्षों के चयन की सराहना की और कहा की उनके नेतृत्व में गया जिला संगठन और मजबूत होगा।दोनों अध्यक्षों का अनुभव संगठन के लिए प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने कहा कि विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू के समर्पण और मेहनत से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और वे संगठन को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।दोनों अध्यक्षों के प्रति अपने सहयोग का संकल्प व्यक्त किया कहा की भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिश्रा ने सभी कार्यकताओं और अतिथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि यह सम्मान समारोह भाजपा के संगठनात्मक एकता और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर दोनों अध्यक्षों के द्वारा उदगार व्यक्त करते हुए कहा पार्टी के शिष्य नेताओं के द्वारा मुझे जो दायित्व दिया गया है आने वाला विधान चुनाव में दसों विधानसभा सीट एनडीए गठबंधन की झोली में होगी डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं भाजपा कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की सभी कार्यकताओं को सम्मान दिया जाएगा।आज के कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता प्रदेश का समिति सदस्य सरजू ठाकुर, अशोक प्रसाद भारती , जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर एस राजेश आनंद अधिवक्ता राणा रणजीत सिंह मिथिलेश मांझी डॉ जेड खान दीपक पांडे कमल बारिक मुन्नीलाल सुधांशु मिश्रा पवन सिंह हीरा यादव महेश यादव बबलू गुप्ता आदि लोगों उपस्थित होकर बधाई और शुभकामनाएं दी गई है

## नेत्रहीन विद्यालय मे मकर संक्रांति पर नेत्रहीनों के बीच चूड़ा, तिलकुट वितरण किया गया




गया ।अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद,राष्ट्रीय बजरंग दल गया जिला इकाई द्वारा आज चाकन्द रोड पर स्थित नेत्रहीन विद्यालय,गया मे मकर संक्रांति शुभ अवसर पर नेत्रहीन बच्चों के बीच चूड़ा, तिलकुट गुड, चावल खनिज सामग्री एवं चादर वितरण किया गया है। जिसमे सहकर्त' राहुल रंजन सह संगठन मंत्री मुकेश शर्मा, प्रांत महामंत्री राम कुमार बारिक, राष्ट्रीय बजरंग दल महामंत्री मुकेश मिश्रा, राष्ट्रीय महिला परिषद अध्यक्ष मधु शर्मा उपस्थित थे।

## जनसुराज नेता द्वारा सफाई वालों को किया गया कंबल का वितरण

गया ।गया के क्षेत्रीय महासभा के वरिष्ठ नेता सह जनसुराज के वरिष्ठ नेता सह नगर निगम वार्ड पार्षद गजेन्द्र सिंह द्वारा अपने वार्ड मे सफाई कमीर्यो को एवं सभी गरिब अनाथ बेसहारा लोगों को कंबल वितरण किया गया और चाय एवं विस्कुट वितरण किया गया है।

# जम्मूतवी स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटलाकिंग कार्य किये जाने के कारण निम्नलिखित ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है ।

### रद्द की गयी ट्रेनें

1.गाड़ी सं. 12355 पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस - 18 जनवरी से 04 मार्च तक रद्द

2.गाड़ी सं. 12356 जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस - 15 जनवरी से 05 मार्च तक रद्द

3.गाड़ी सं. 22317 सियालदह-जम्मूतवी हमसफर एक्सप्रेस - 24 फरवरी एवं 03 मार्च को रद्द

4.गाड़ी सं. 22318 जम्मूतवी-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस - 26 फरवरी एवं 05 मार्च को रद्द

5.गाड़ी सं. 15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस - 19, 26 जनवरी एवं 02, 09, 16, 23 फरवरी तथा 02 मार्च, 2025 को रद्द

6.गाड़ी सं.15656 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस - 22, 29 जनवरी एवं 05, 12, 19, 26 फरवरी तथा 05 मार्च को रद्द

7.गाड़ी सं. 12491 बरौनी-जम्मूतवी मौर्यध्वज एक्सप्रेस - 09, 16, 23 फरवरी तथा 02 मार्च को रद्द

8.गाड़ी सं. 12492 जम्मूतवी-बरौनी मौर्यध्वज एक्सप्रेस - 07, 14, 21 एवं 28 फरवरी को रद्द



9.गाड़ी सं. 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस - 01 एवं 04 मार्च को रद्द ।10.गाड़ी सं. 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस - 03 एवं 06 मार्च को रद्द ।11.गाड़ी सं. 12331 हावड़ा-जम्मूतवी एक्सप्रेस - 01 एवं 04 मार्च को रद्द ।12.गाड़ी सं. 12332 जम्मूतवी-हावड़ा एक्सप्रेस - 03 एवं 06 मार्च को रद्द ।13.गाड़ी सं. 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस - 03 मार्च को रद्द ।

14.गाड़ी सं. 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस - 05 मार्च को रद्द ।15.गाड़ी सं. 15098 जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस - 04 मार्च को रद्द

### आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1.दिनांक 17, 18, 21, 24, 25, 28, 31 जनवरी, 01, 04, 07, 08, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25 एवं 28 फरवरी को हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12331 हावड़ा-जम्मूतवी एक्सप्रेस का आंशिक समापन जम्मूतवी के बजाए विजयपुर जम्मू स्टेशन पर ही किया जाएगा । 2.दिनांक 16, 23, 30 जनवरी, 06, 13, 20 एवं 27 फरवरी को भागलपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15097 भागलपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस का आंशिक समापन जम्मूतवी के बजाए विजयपुर जम्मू स्टेशन पर ही किया जाएगा । 3.दिनांक 20, 27 जनवरी, 03, 10, 17 एवं 24 फरवरी को गुवाहाटी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस का आंशिक समापन जम्मूतवी के बजाए विजयपुर जम्मू स्टेशन पर ही किया जाएगा । 4.दिनांक 30 जनवरी से 04 मार्च तक टाटा/सम्बलपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18101/18309 टाटा/सम्बलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का आंशिक समापन जम्मूतवी के बजाए अमृतसर स्टेशन पर ही किया जाएगा । 5.दिनांक 02 फरवरी से 07 मार्च तक जम्मूतवी से खुलने वाली गाड़ी सं. 18102/18310 जम्मूतवी-टाटा/सम्बलपुर एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ जम्मूतवी के बजाए अमृतसर स्टेशन से ही किया जाएगा ।

# सड़क पर लावारिस अवस्था में पड़े वाहनों के विस्थापन को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

- सड़क किनारे खड़ी वाहनों के वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को दिया गया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। राज्य परिवहन आयुक्त-सह-प्रभारी पदाधिकारी, लीड एजेंसी, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद, पटना के पत्रांक-27, दिनांक 9 जनवरी 2025 के निदेशानुसार सोमवार को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जिला परिवहन पदाधिकारी, मधेपुरा श्रीमती निकिता एवं पुलिस उपाधीक्षक(यातायात), मधेपुरा चेतनानंद झा के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग- 106, राज्यमार्ग 58 तथा राज्यमार्ग 91 पर लावारिस अवस्था में पड़े वाहनों के विस्थापन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। जिला परिवहन की टीम में प्रवर्त्तन निरीक्षक धर्मवीर आजाद, मोटरयान निरीक्षक राहुल कुमार एवं प्रवर्त्तन अवर निरीक्षक श्रीमती प्रियंका कुमारी सम्मिलित थे।

विशेष वाहन जॉच अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग- 106, राज्यमार्ग 58 तथा राज्यमार्ग 91 का निरीक्षण किया गया। सड़क के किनारे अनाधिकृत रूप से पार्क किये गये वाहनों यथा ट्रैक्टर, ट्रक, बस, ऑटो रिक्शा आदि के लगभग 20 वाहन स्वामियों/ संबंधित थाना से सम्पर्क स्थापित कर वाहनों को पथ से हटाने का निदेश दिया गया। साथ ही चेतावनी संसूचित की गयी कि 24 घंटे के अन्दर वाहनों का विस्थापन करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में मोटरयान अधिनियम एवं मोटरयान नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के तहत नियमानुसार जप्ती करते हुए दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। सड़क किनारे खड़ी वाहनों के वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को निदेश देते हुए बताया गया कि ठंड का मौसम रहने के कारण कोहरा काफी घना रहता है, फलस्वरूप वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, जिसे नियंत्रित करने के लिए सड़कों पर अनाधिकृत रूप से वाहनों के पार्किंग पर रोक लगाया गया है। विभागीय निदेशानुसार यह अभियान निरंतर चलाया जायेगा। आमजनों से यह भी अपील है कि सड़क सुरक्षा के मानकों का अच्छे से अनुपालन करें, ताकि सभी सुरक्षित रहे।

# वर्षो से लंबित कचरा डंपिंग यार्ड का रास्ता हुआ साफ

## जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दुरी पर बुधमा पंचायत में बनेगा कचरा डंपिंग यार्ड

## स्थानीय लोगों को मिलेगी रासायनिक खाद से भी मुक्ति





प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। नगर वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल मधेपुरा नगर परिषद क्षेत्र में वर्षो से लंबित कचरा डंपिंग यार्ड को लेकर ढूंधी जा रही थी जमीन अब कचरा डंपिंग यार्ड का रास्ता साफ, जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दुरी पर एन एच 107 के समीप बुधमा लखराज पंचयात मे करीब दो एकड़ जमीन की गयी है चिन्हित, वहीं ग्राम पंचायत से भी मिली किलिन चिट, पंचायत के मुखिया ने ग्राम सभा से पारित कर सरकारी जमीन की दी स्वीकृति। बता दें कि अब शहर में इर्द गिर्द कचरा डंपिंग से शहर वासियों को मिलेगी मुक्ति, साफ और स्वछ दिखेगा मधेपुरा नगर परिषद। वहीं इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत बुधमा लखराज के मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार ने बताया कि अब मधेपुरा नगर होगी साफ सफाई के मामले में स्वछ और सुन्दर, शहर में इर्द गिर्द नहीं दिखेगा कचरा व गंदगी की अंबार, शहर से 8 किलोमीटर दूर बुधमा पंचायत में करीब दो एकड़ सरकारी जमीन चिन्हित कर दी गई है।

जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से चिन्हित जमीन पर तत्काल जमीन की घेराबंदी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन में कचरा डंपिंग यार्ड से स्थानीय इलाकों के लोगों को अब रासायनिक खाद से भी मुक्ति मिलेगी वहीं गिला कचरा और सूखा कचरा से उर्वरक खाद बनेगा। लोगों मे है। वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री तान्या ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में वर्षो से लंबित कचरा डंपिंग यार्ड को लेकर जमीन ढूंढी जा रही थी लेकिन कई जगहों पर रैयति जमीन के कारण कचरा डंपिंग यार्ड नहीं बन पा रहा था। अब नगर परिषद क्षेत्र से महज 8 किलोमीटर की दुरी पर बुधमा पंचायत में चिन्हित जमीन पर बहुत जल्द कचरा डंपिंग यार्ड बनेगा तत्काल जमीन की घेराबंदी कर ली गई है।

# मकर संक्रांति पर पतंग प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिलाधिकारी तरनजोत सिंह द्वारा कला भवन परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानाए दी गयी। बताते चले की कला संस्कृति एवं युवा विभाग पटना बिहार तथा जिला प्रशासन मधेपुरा के तत्वाधान मे आयोजित इस प्रतियोगिता मे बच्चों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने के बाद जिलाधिकारी द्वारा कला भवन में आयोजित टेराकोटा कार्यशाला का भी अवलोकन किया गया। इस प्रतियोगिता में उपविकास आयुक्त, एडीएम मुकेश कुमार, एडिएम शिशिर मिश्रा, निर्देशक डीआरडीए, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जयकृष्ण यादव, अरुण कुमार, विनोद रजक, कृष्णा कुमार आदि थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल आरा रोड तेंदूनी चौक बिक्रमगंज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) : डीएवी पब्लिक स्कूल आरा रोड तेंदूनी चौक बिक्रमगंज के प्रांगण में वार्षिक खेल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम सोमवार को देर शाम उमंग एवं उत्साह पूर्वक संपन्न हो गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपकारा करियवा बाल बिक्रमगंज के जेल अधीक्षक मोहम्मद तारिक अनवर,डीएवी बिहार एफ जोन के निदेशक ए के जना,उक्त विद्यालय की प्राचार्या कुमारी प्रिया,डॉ नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । तत्पश्चात मुख्य अतिथि मोहम्मद अनवर के द्वारा डीएवी विद्यालय का ध्वजारोहण किया गया । उसके बाद मार्च पास्ट की सलामी दी गई । मुख्य अतिथि व एआरओ द्वारा बैलून एवं शांति के प्रतीक कबूतर को छोड़ा गया । साथ ही विद्यालय प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में आये अन्य गणमान्य लोगों एवं स्थानीय पत्रकारों को बुकें,कलम, शॉल,मोमेंटों और सजावटी पौधे देकर सम्मानित किया गया । उक्त विद्यालय की बच्चियों के द्वारा मुख्य अतिथि समेत अन्य आगंतुकों को स्वागत गान से अभिवादन एवं वंदन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की सीनियर छात्राओं द्वारा मशाल का आरोहण किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर उमंग एवं उत्साह पूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने फ्लैग रेस एवं बनी रेस में भाग लेकर अपनी कला कौशल को दिखाया । जो काफी ही मनमोहक एवं आकर्षक रहा । साथ ही साथ विद्यालय के सीनियर सेक्शन के छात्र एवं छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में अपने हुनर को प्रदर्शित किया । जो काफी ही सराहनीय एवं मनमोहक रहा । कार्यक्रम के बीच-बीच में जूनियर एवं सीनियर सेक्शन के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई । जो दर्शकों के बीच काफी मनमोहक एवं सराहनीय रही । इस कार्यक्रम में भाग लिए हुए प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम स्थल पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मोहम्मद तारिक अनवर ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा जागृत होती है

# बस स्टैंड में बना यात्री पड़ाव का पार्षद ने किया शुभारंभ

शेरघाटी ।बस स्टैंड में आने जाने वाले राहगीरों को मकर संक्रांति के मौके पर मिला बड़ा उपहार नगर परिषद शेरघाटी की ओर से बनाया गया बेहतर यात्री सेड बता दे,

नया बाजार बस स्टैंड मे13 लाख रुपए के खर्च के बाद बनाया गया भव्य यात्री सेड जहाँ जिसका उद्घाटन मंगलवार को मुख्य पार्षद श्रीमती गीता देवी,उपमुख्य पार्षद तालकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है। बातचीत के दौरान मुख्य पार्षद गीता देवी ने बताया कि आने-जाने वाले राहगीरों को बस के इंतजार करने के लिए काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता था जिसे बैठने की कोई सुबिधा नही थी,

बरसात, गर्मी या ठंड के समय में लोगों को बैठने का जगह नहीं था।

यह पहला मेरी प्राथमिकता है कि अपने चुनाव के दौरान किये गए वायदे को बारी बारी से पूरा करे और शेरघाटी को स्वच्छ व सुंदर बनाए ।

# रायभीर पंचायत भवन में संचालित आरटीपीएस काउंटर का हुआ निरीक्षण

- छपी खबर का हुआ असर पंचायत भवन का किया गया निरीक्षण
- रायभीर पंचायत में लाखों के लागत से बने पंचायत भवन फांक रहा है धूल शीर्षक के नाम छपी थी खबर

प्रातः किरण संवाददाता



शंकरपुर (मधेपुरा)। शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र के रायभीर पंचायत भवन का मंगलवार को प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बीपीआरो विजय कुमार रजक ने निरीक्षण किया। पजहां पंचायत भवन का निरीक्षण करते हुए वे आरटीपीएस काउंटर पहुँचे जहां कार्यपालक सहायिका सतरूपा कुमारी कार्य कर रहे थे। उन्होंने कर्मी से आरटीपीएस कार्यों का ब्यौरा लेते हुए कहा कि सरकार पंचायत भवन जिस उद्देश्य से बनायी है वह उद्देश्य अभी भी सही मायनों में पूरा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पंचायत भवन में बंद पड़े अन्य कमरों की स्थिति का अवलोकन करते हुए कहा कि पंचायत की मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे नियमित रूप से पंचायत भवन में समय दे। इससे पंचायत के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में पंचायत स्तर पर चलने वाली सभी प्रकार की योजनाएं व अन्य कार्यों का संपादन हो सके। इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोग प्रखंड के चक्कर कम से कम काटे इसको लेकर जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरुरत है। गोरतलब हो कि रायभीर पंचायत में संचालित आरटीपीएस काउंटर पर कार्यपालक सहायिका शतरूपा कुमारी विगत कई दिनों से पंचायत भवन में उपस्थित नहीं होते थे। जिसकी जनकारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने पत्रकारों को दी थी। जहां मामले का सोमवार को उजागर किया। वहीं मंगलवार के दिन पंचायत भवन पहुंचे अधिकारी ने कार्यपालक सहित अन्य कर्मियों को स समय पंचायत भवन में उपस्थित होने का आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित आरटीपीएस काउंटर कार्यपालक सहायिका सतरूपा कुमारी ने बताई कि पंचायत भवन में उचित व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण से बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बीपीआरओ विजय कुमार रजक ने पंचायत सचिव राजकुमार राम से अभिलंब समानों की उपलब्ध कराने की आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने कहा कि अगर पंचायत में ही सभी सुविधा उपलब्ध हो जाए तो ग्राम वासियों को प्रखंड का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। वहीं उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि महावीर पासवान, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुमन कुमार सिंह, पंचायत सचिव राज कुमार राम, मुखिया प्रतिनिधि प्रभाष चौपाल, समाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व वार्ड सदस्य राजू दास, वार्ड सदस्य रत्नेश कुमार, सहायक शिक्षक सुनील कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे। बतादें की उक्त मामले को लेकर प्रातः किरण दैनिक अखबार में ह्लरायभीर पंचायत में लाखों के लागत से बने पंचायत भवन फांक रहा है धूलह्व शीर्षक के नाम से मंगलवार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

# मां कामाख्या पॉलीटेक्निक में ई लाइब्रेरी का हुआ भव्य उद्घाटन



प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू(रोहतास) : तिलौथू प्रखंड के रामडीहरा गांवा में मां कामाख्या पॉलीटेक्निक कैंपस में ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। लाइब्रेरी का उद्घाटन तिलौथू प्रमुख कामता सिंह ने फीता काट कर किया। इसके पूर्व प्रखंड प्रमुख कामता सिंह, मां कामाख्या पॉलीटेक्निक के निदेशन रानी सिंह एवं सचिव तन्नू श्री ने फलदार पौधारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन कर पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पहाड़ी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को पढ़ने के लिए इस संस्था के लोगों ने बेहतर शुरूआत किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लाइब्रेरी खुलने से यहां के छात्र छात्राओं के कही दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को उनके घर के नजदीक ही लाइब्रेरी में पढ़ कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर सकेंगे। वहीं संस्था के निदेशक रानी सिंह ने कहा कि गांव ने पॉलीटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की गई। इसका मुख्य मकसद गर्मीण क्षेत्र के लोगों को पॉलीटेक्निक की पढ़ाई के लिए कही दूर जाने की आवश्यकता न हो। इसी को देखते हुए संस्था द्वार एक नहीं पहल की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी की शुरूआत होने से इस पंचायत के साथ साथ आसपास के पंचायत में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं छात्र छात्राओं के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध होगा। वहीं संस्था के सचिव तनु श्री ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर विकल्प की वजह से यहां के लोगों को दूर जाकर लाइब्रेरी की सुविधा लेनी पड़ती है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद होता है। इसलिए गांव में एक बेहतर लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में बच्चों को बेहतर व्यवस्था प्रदान किया जाए रहा है। साथ ही साथ सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर माहौल उपलब्ध हो इस पर भी विशेष बल दिया गया है। उसी को ध्यान में रखते हुए इस लाइब्रेरी की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में कम पैसे में छात्र छात्राओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही वाई फाई, एसी, हिंदी - अंग्रेजी न्यूज पेपर, मैगजीन, सहित अन्य सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां कामाख्या पॉलीटेक्निक के पीआर प्रशांत झा, आकाश सिंह, लाइब्रेरियन हरेंद्र राज, मार्केटिंग हेड इंद्रजीत गोस्वामी, नेहा राज, अभिजीत सिंह, योगेन्द्र सिंह आदि थे।

# जिला कला संस्कृति पदाधिकारी आम्रपाली कुमारी ने की चार दिवसीय टेराकोटा का शुभारंभ

- बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने, टेराकोटा के बाजारीकरण का दिया जा रहा है प्रशिक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग एवं जिला प्रशासन, मधेपुरा के समन्वय से आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव के शुभ अवसर पर सोमवार को कला भवन में चार दिवसीय टेराकोटा का आयोजन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सुश्री आम्रपाली कुमारी के द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने, टेराकोटा के बाजारीकरण का प्रशिक्षण, मिट्टी से ज्वेलरी, बर्तन, सजावट की वस्तुए बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि बच्चे अपने संस्कृति से जुड़े रहे तथा टेराकोटा कलकृतियों के माध्यम से एक नयी पहचान बनाएं। वही इस कार्यशाला में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को टेराकोटा का प्रशिक्षण विनोद कुमार, कृष्णा कुमार, संतोष कुमार एवं सीतराम पंडित द्वारा दिया जा रहा, जो 17 जनवरी 2025 तक कार्यशाला चलेगा। इस कार्यशाला में अभ्यास मिश्रा, डॉली कुमारी, रुखसार परवीन, पूजा कुमारी, अंजलि कुमारी, सन्नी कुमार आदि कुल 48 प्रतिभागोयों ने भाग लिया है।

# बिजली विभाग ने मृत व्यक्ति सहित चार पर बिजली चोरी का कराया प्राथमिक दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के घैलाढ़ प्रखंड में बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आ रही है जहां मृत व्यक्ति पर विभाग ने बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया है। यह घटना घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के चित्ती पंचायत के भगवानी गांव वार्ड नंबर एक का बताया जा रहा है। जहां रामफल यादव नामक व्यक्ति पर बिजली विभाग के जेई द्वारा 6 हजार 903 रूपया का जुमार्ना लगाते हुए बिजली चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया है। जबकि बताया जा रहा है कि उस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। हालांकि जिसके ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है वो सही में मृत है या जिंदा है ये तो जांच का विषय है। लेकिन चर्चा हो रही है कि जिसके नाम पर मामला दर्ज हुई है वो मृत है। जहां इस मृत व्यक्ति पर बिजली विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि बिजली विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं। कभी किसी गांव का बिजली काट देते है तो कभी मृत व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर देता है। जिसके कारण विभाग की किरकिरी हो रही है। लगता है विभाग के पदाधिकारी आंख बंद कर काम करते हैं। जिसके कारण बिजली विभाग पर लगातार लापरवाही का आरोप लग रहा है। वहीं घैलाढ़ ओपी में पदस्थापित एसआई दिवाकर कुमार ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के मामले में चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान पता चला की एक व्यक्ति की मृत्यु कई साल पूर्व हो चुका है। एसआई के द्वारा उसके परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है, इसके बाद इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग द्वारा जिस तरह से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, यह काफी गंभीर मामला है। मृत व्यक्ति पर कैसे प्राथमिकी दर्ज हुआ। इसकी जांच नहीं की गई। बिजली विभाग घटनास्थल पर गए बिना ही प्राथमिकी दर्ज कर दी है।

पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जिस व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है (

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.02.2025 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2025 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
(ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R to Flat No.-2, Block No.-2 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 2 | Repair, painting and polishing of main building (inner and outer) in Residence no. 11 at Circular Road, Patna | 1392060.00 | 27900.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 3 | S/R to walking track and kerb stone both side of track in the campus of Residence no. 2 at Anney marg, Patna (Change of occupancy) | 672420.00 | 13500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 4 | S/R to Flat No.-2, Block No.-4 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 313356.00 | 6300.00 | 750.00 | 02 माह |
| 5 | S/R to Flat No.-5, Block No.-4 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 312368.00 | 6300.00 | 750.00 | 02 माह |
| 6 | S/R to Flat No.-4, Block No.-3 at Adalatganj, Patna (floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 7 | S/R to Flat No.-5, Block No.-3 at Adalatganj, Patna (floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 8 | S/R to Flat No.-6, Block No.-3 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 313400.00 | 6300.00 | 750.00 | 02 माह |
| 9 | S/R to Flat No.-2, Block No.-13 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 10 | Provision of Door, main building APP staff quarter in the residence no. 37 Harding Road, Patna | 391636.00 | 7900.00 | 750.00 | 02 माह |
| 11 | S/R to raising of compound wall with durashine sheet in residence no. 02 at Anney marg, Patna (Change of occupancy) | 713410.00 | 14300.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 12 | S/R to Flat No.-2, Block No.-6 at Adalatganj, Patna (Repairing, floor tiles in rooms, alluminium (wardrobe, verandah) work, curtain rod & bracket work) | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 13 | Renovation of wardrobe & door fittings of Officer's Flat of Hon'ble Chief Justice residence no. 154 at Chajjubagh, Patna | 1049800.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 14 | Replacement of old damaged carpet (Brass name plate decorative) lying in the main entrance door of Hon'ble Chief Justice residence no. 154 at Chajjubagh, Patna | 323365.00 | 6500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 15 | Renovation of alluminium work with Jali of officer's Flat of Hon'ble Chief Justice resdidence no. 154 at Chajjubagh, Patna | 681711.00 | 13700.00 | 1250.00 | 02 माह |

For further details please visit website state.bihar.gov.in/prdbihar

PR- 16977 ( B C D ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

# गोडारी की मकरसंक्रांति मेला में भारी भीड़ नो एंट्री के वावजूद बड़ी वाहनों ने डाली मेला में खलल

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) । काराकाट नगर क्षेत्र के गोडारी में दो दिवसीय मेला का आयोजन जिसके पहले दिन भारी भीड़ रही। वही दूसरी ओर नो एंट्री में भी बड़ी भारी वाहन का आवागन से लोगो मे स्थानीय प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिला। बता दे कि वर्षो से चली आ रही प्रथा जहां गोडारी में मकरसंक्रांति के अवसर पर मेला आयोजित होती आ रही है। मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। और ऐसे में पुलिस की तैनाती का निष्क्रियता पर लोगों ने कई सवाल उठाया। वैसे मेला में स्थानीय और बाहरी दुकानदारों के स्टॉल्स पर गर्म कपड़े, जूते, हैंडमेड वस्तुएं, कारपेट और फर्नीचर की बिक्री जोरों पर रहता है। बच्चों के लिए झूले, ट्वाय ट्रेन और मिकी माउस जैसे आकर्षण खासतौर पर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं खाने-पीने के स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। मकरसंक्रांति में लोग सुबह उठकर स्नान के साथ ही पोहा-दही तिलवा अन्य मीठा खाने का खास महत्व है।

दूर-दूर से लोग यहां आकर मेले का आनंद ले रहे हैं, जिससे यह मेला धार्मिकता और मनोरंजन का बेहतरीन संगम बन जाता है । स्थानीय सैकड़ो लोगों ने नो एंट्री के बावजूद भी बालू वाले बड़े गाड़ी रोड पर दौड़ रही है वे भी तेज गति से प्रशाशन मौन है । जो पुलिस का मिली भगत का संकेत दे रही है लोगों ने जिला प्रशासन से संज्ञान में ले कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है।

# स्थानांतरण के बावजूद भी कार्यरत है स्वास्थ्य प्रबंधक

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बीते दिसंबर में ही राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना के पत्रांक संख्या 4708 के अनुसार स्वास्थ्य प्रबंधक अरुण कुमार का स्थानांतरण अन्यत्र जिला में कर दिया गया था। इस आलोक में बीते कई दिनों पहले ही स्थानांतरण का प्रमाण पत्र जारी हो गया है जिसमें की साफ-साफ लिखा गया है कि पत्र निर्गत तिथि से ही 24 घंटे के अंदर अरुण कुमार प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक का संपूर्ण भार (वित्तीय एवं भौतिक) रूप से प्रखंड लेखपाल राजकुमार को सौंपते हुए अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे ताकि उन्हें नवपदस्थापित जिला में योमसन हेतु विरमित किया जा सके। सूत्रों से कि प्रमाण पत्र जारी होने के बावजूद भी वे अनापत्ति प्रमाण पत्र सौंपे बिना पूर्व की भांति अब भी अपने पद पर कार्य कर रहे हैं।

## बिहार की बेटी अंशिका कुमारी ने रचा इतिहास, सीनियर तीरंदाजी टीम में हुआ चयन



**पटना, एजेंसी।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरन ने कहा कि अंशिका का राष्ट्रीय टीम में चयन न केवल बिहार के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा।

बिहार की बेटी अंशिका कुमारी ने राज्य का नाम रोशन करते हुए आगामी तीरंदाजी विश्व कप 2025 के लिए भारतीय सीनियर तीरंदाजी टीम में जगह बना ली है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरन ने इस खबर को साझा करते हुए इसे प्रदेश के लिए गर्व का पल बताया। जानकारी के मुताबिक, अंशिका ने दीपिका, अंकिता और सिमरनजोत जैसी प्रतिष्ठित तीरंदाजों के साथ टीम में स्थान पाकर अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके इस चयन को बिहार के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है।

वहीं, रवीन्द्रन शंकरन ने कहा कि अंशिका का राष्ट्रीय टीम में चयन न केवल बिहार के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा।

## दिनेश कार्तिक के साथ साउथ अफ्रीका में बड़ा 'हादसा', हो गया इतना बुरा हाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने पिछले साल भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. वह अब विदेशी लीग में खेल रहे हैं. वह साउथ अफ्रीका की एसए टी-20 लीग में पार्ल रॉयल्स की टीम का हिस्सा हैं. दिनेश कार्तिक इस लीग में खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं. उन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ खेले गए मुकाबले से लीग में डेब्यू किया था. इस मुकाबले में उनकी टीम को जीत भी मिली थी. लेकिन कार्तिक को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था. हालांकि उन्हें दूसरे मुकाबले में खेलने का मौका मिला और वह पूरी



तरह फ्लॉप रहे.

**दिनेश कार्तिक के साथ बड़ा 'हादसा'**- एसए टी-20 लीग के मौजूदा सीजन में पार्ल रॉयल्स की टीम ने अपना दूसरा मैच एमआई केप टाउन के खिलाफ खेला. इस मुकाबले में पार्ल रॉयल्स को करारी हार का सामना करना पड़ा. वहीं, लीग में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे दिनेश कार्तिक भी पूरी तरह फ्लॉप रहे. टी20 क्रिकेट में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले दिनेश कार्तिक ने इस मैच में सिर्फ 28.57 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. वह 7 गेंदों पर 2 रन की ही पारी खेल सके और रन आउट हो गए. यानी उनके लिए इस लीग की शुरुआत काफी खराब रही. बता दें, दिनेश कार्तिक ने 7 महीने के बाद प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की है. इससे पहले वह आखिरी बार मई 2024 में आईपीएल में खेलने उतरे थे. इसके बाद से ही वह मैदान से बाहर थे. वहीं, उन्होंने 1 जून, 2024 को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था. दिनेश कार्तिक ने इंटरनेशनल और घरेलू दोनों तरह के क्रिकेट को अलविदा कह दिया था. खास बात ये थी कि दिनेश कार्तिक ने अपने जन्मदिन पर ये फैसला लिया था.

**एमआई केप टाउन की धमाकेदार जीत**- मुकाबले की बात की जाए तो एमआई केप टाउन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था. एमआई केप टाउन का ये फैसला सही साबित हुआ. उन्होंने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए. रीजा हेंड्रिक्स ने 37 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली. वहीं, रासी वैन डेर डुसेन ने भी 33 गेंदों पर 43 रनों का योगदान दिया. डेलानो पोटगीटर ने भी 29 रन की पारी खेली।

**डीडीसीए सूत्र ने दी जानकारी**

# विराट कोहली रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने खुलासा किया है कि उन्हें अभी तक विराट कोहली की ओर से मौजूदा रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। डीडीसीए के एक सूत्र ने कहा, हमें रणजी सत्र के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में विराट कोहली की ओर से कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश के बीच आया है कि घरेलू सत्र के दौरान घरेलू मैचों में भाग न लेने वाले खिलाड़ियों को वैध कारण बताना होगा, जिसकी समीक्षा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) या उनके संबंधित राज्य संघ द्वारा की जाएगी। इस बीच रिपोर्ट के अनुसार भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के रणजी ट्रॉफी अभ्यास शिविर में भाग लेते देखा गया। हालांकि आगामी मैचों के लिए उनकी भागीदारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शामिल रहने के उनके इरादे को दर्शाता है।

घरेलू भागीदारी के लिए जवाबदेही लागू करने का बीसीसीआई का कदम राष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच मैच-तैयारी और फॉर्म सुनिश्चित करने की उनकी रणनीति का हिस्सा है। यह ऑस्ट्रेलिया में भारत की हाल की 3-1 टेस्ट सीरीज हार के बाद हुआ है, जिसने खिलाड़ियों के घरेलू सर्किट से जुड़े रहने के



महत्व के बारे में चर्चा को जन्म दिया। शुभमन गिल ने कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के आगामी रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है, जो 23 जनवरी को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू होगा। हालांकि पंजाब की टीम की आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है, लेकिन गिल का शामिल होना टीम के लिए एक स्वागत योग्य बढ़ावा होगा।

मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मैच के लिए तैयार रहने के लिए भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के अपने राज्य की टीमों में योगदान देने के महत्व पर जोर दिया है। गिल ने खुद ऑस्ट्रेलिया में एक कठिन श्रृंखला का सामना किया, जिसमें उंगली की चोट से उबरने के बाद पांच पारियों में 31 का सर्वोच्च स्कोर हासिल किया जिसने उन्हें पर्थ में पहले टेस्ट से बाहर कर दिया था।

गिल ने पूरी श्रृंखला में 18.60 का औसत से रन बनाए जबकि बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर रहे। यदि रणजी ट्रॉफी में कोहली की उपस्थिति की पुष्टि हो जाती है तो इस पर कड़ी नजर रखी जाएगी क्योंकि राज्य स्तरीय क्रिकेट में खिलाड़ियों की भागीदारी भारत की लाल गेंद की गहराई और प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने में एक केंद्र बिंदु बनी हुई है।

## भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज से पहले सुनील गावस्कर की टीम मैनेजमेंट को सलाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की तैयारी में है। खिलाड़ी इस समय घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं। टीम सीरीज की शुरुआत करे इससे पहले मैनेजमेंट को सुनील गावस्कर की ओर से सलाह दी गई है। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि टीम इंडिया की कैप ऐसे ही नहीं देनी चाहिए। साथ ही यह भी बताया कि भारत को किस तरह विदेश में अभ्यास के लिए तैयारी करनी चाहिए।

गावस्कर के मुताबिक विदेशी दौरों पर टीम को ज्यादा अभ्यास करने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 20 खिलाड़ियों को ले जाना ठीक लगता है क्योंकि शरीर को टाइम जोन के हिसाब से ढलने में समय लगता है। हालांकि इंग्लैंड में यह दिक्कत नहीं होती है। भारत को जून में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। उन्होंने स्पोर्ट्स्टार के कॉलम में लिखा, 'इंग्लैंड में खिलाड़ियों के लिए मौसम एक चुनौती होती है। भारत के गर्म मौसम से निकलकर इंग्लैंड की ठंडी हवा में रहना आसान नहीं होता है। फिर भी 16 खिलाड़ियों को लेकर जाना यह दिखाता है कि सेलेक्टर्स को पूरा विश्वास नहीं है। यह अच्छा संकेत नहीं है।'



### किसी को भी न दे दें इंडिया कैप

उन्होंने आगे कहा, 'माना बीसीसीआई के पास पैसा है और वह बड़ा दल भेज सकती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी को भी इंडिया कैप ऐसे ही दे दो। विदेशी दौरों पर प्रैक्टिस गेंदबाजों की कमी खलती है। इसलिए आप गेंदबाज ले जाएं, उन्हें ट्रेनिंग दें, कपड़े दें लेकिन इंडिया कैप न दें।' गावस्कर ने टेस्ट मैच के बीच के गैप में अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट मैचों के बीच कुछ अंतराल होंगे, और इनका उपयोग अभ्यास खेलों के लिए किया जाना चाहिए।

**एल क्लासिको:**

## एल क्लासिको भिड़ंत में बार्सिलोना की रियल मैड्रिड पर लगातार दूसरी जीत, सुपर कप भी अपने नाम किया



**जेद्दा, एजेंसी।** स्पेनिश ला लिगा के अक्तूबर में हुए पिछले मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल पर 4-0 से जीत हासिल की थी। बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में गोल लैमिन यमाल, राबर्ट लेवांडोवस्की, राफिन्हा (दो गोल) और अलेजांद्रो बाल्डे ने किए। रियल के लिए दूसरा गोल रोड्रिगो ने दूसरे हाफ में किया।

कोच कार्लो एंसेलोटी का रियल मैड्रिड के फुटबालरों में बार्सिलोना के हाथों मिली पिछली हार का बदला लेने का भरा गया जोश काम नहीं आया। स्पेनिश सुपर कप के फाइनल में बार्सिलोना ने इस बार भी रियल मैड्रिड पर 5-2 के अंतर से बड़ी जीत हासिल कर खिताब जीत लिया। रियल को यह हार तब मिली जब फ्रांस के स्टार फुटबालर काइलिन म्बापे ने उनके लिए पांचवें मिनट में ही शानदार गोल कर बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद बार्सिलोना ने ऐसी वापसी की कि पहले ही हाफ में पांच गोल दागकर रियल की उम्मीदों को खत्म कर दिया। स्पेनिश ला लिगा के अक्तूबर में हुए पिछले मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल पर 4-0 से जीत हासिल की थी। बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में गोल लैमिन यमाल, राबर्ट लेवांडोवस्की, राफिन्हा (दो गोल) और अलेजांद्रो बाल्डे ने किए। रियल के लिए दूसरा गोल रोड्रिगो ने दूसरे हाफ में किया।

### इस वर्ष लगातार तीसरी जीत

बार्सिलोना के लिए वर्ष की शुरुआत काफी अच्छी रही है। उसने 2025 में यह लगातार तीसरा मुकाबला जीता है। इससे पहले उसे बीते वर्ष लगातार दो मैचों में हार मिली थी। सभी टूर्नामेंटों में 27 मैचों में 26 गोल करने वाले लेवांडोवस्की ने कहा, क्रिसमस की छुट्टियों ने यह जानने में सहायता की है कि हमने अब तक कहां पर क्या गलतियां की थीं। मैड्रिड को लगातार पांच मैचों में जीत के बाद यह पहली हार मिली है। एंसेलोटी ने कहा, यह हमारे लिए खराब रात थी। हम इसे छुपा नहीं सकते हैं, लेकिन यही फुटबाल है। अक्तूबर में हुए मुकाबले म्बापे को बार्सिलोना के रक्षकों ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन इस बारे उन्होंने पांचवें मिनट में ही शानदार गोल दागा। बार्सिलोना ने पांचों गोल पहले ही हाफ में किए। राफिन्हा इस सत्र में अब तक 19 और यमाल 8 गोल कर चुके हैं।

### एटलेटिको की रिकॉर्ड 14वीं जीत

एटलेटिको मैड्रिड ने ला लिगा में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखते हुए लगातार 14वीं जीत दर्ज की। उसने जूलिनय अल्वारेज के गोल की बदौलत ओसासुना को 1-0 से हराकर लीग में शीर्ष स्थान बना लिया है। एटलेटिको का यह लगातार जीत का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। एटेलेटिको की दूसरे स्थान पर चल रहे रियल पर एक अंक की बढ़त है, जबकि तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सिलोना पर उसकी छह अंक की बढ़त हो गई है। उसे पिछली हार 0-1 से 27 अक्तूबर को रियल बेटिस के हाथों मिली थी।



## जसप्रीत बुमराह होते तो 99.94 नहीं होता ब्रैडमैन का औसत, भारतीय पेसर पर ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में भले ही भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन जसप्रीत बुमराह का खौफ पूरी सीरीज में रहा। बुमराह ने पांच मैचों क नौ पारियों में 32 विकेट लिए। पूरी सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज इस खिलाड़ी की तारीफों का पुल बांधते हुए नजर आए। सीरीज खत्म होने के बाद भी यह सिलसिला कायम है। ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान माइकल क्लार्क ने बुमराह को लेकर बयान दिया है। जसप्रीत बुमराह को लेकर गिलक्रिस्ट ने क्लब पेयरी फायर पॉडकास्ट में कहास 'मैं उनकी रेटिंग नहीं कर रहा हूं, खेल की दुनिया में ऐसा कोई नंबर ही नहीं है जो उनकी स्थिति के अनुरूप हो।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन:**

## बोपन्ना-निकोलस की जोड़ी पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर बाहर, स्पेन के पेड्रो-मुनार ने हराया

**मेलबर्न, एजेंसी।** बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरुआत की और शुरुआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस की जोड़ी मंगलवार को पेड्रो मार्टिनेज और जाउमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गई।



बोपन्ना और बैरिएंटोस को लगभग दो घंटे तक चले मैच में 5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और कोलंबिया की 14वीं वरीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन अहम क्षणों में वे पिछड़ गए और स्पैनिश जोड़ी जीत सुनिश्चित करने में सफल रही।

बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरुआत की और शुरुआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की।

**खो-खो वर्ल्डकप:**

## खो–खो विश्वकप में भारत का जीत के साथ आगाज, नेपाल पर हासिल की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खो-खो विश्वकप के रंगारंग आगाज के बीच भारतीय टीम ने नेपाल को 42-37 से हराकर शानदार शुरुआत की। नेपाल ने भारत को कड़ी टक्कर दी, जिसकी उम्मीद नहीं की जा रही थी। नेपाल ने आक्रमण पर अपने दोनों टर्न जीते, लेकिन भारत ने पांच अंक से श्रेष्ठता दर्ज की। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने विश्वकप इंदिरा गांधी स्टेडियम में उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना, राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल मौजूद रहे। विश्व कप में 23 देश शिरकत कर रहे हैं। 19 जनवरी को पुरुषों का फाइनल खेला जाएगा। नेपाल के खिलाफ मैच में भारत ने पहले आक्रमण करते हुए 24-0 से जीत हासिल की, लेकिन



दूसरे टर्न में नेपाल ने आक्रमण का फायदा उठाते हुए 20-0 से टर्न जीत लिया।

तीसरे टर्न में आक्रमण की बारी भारत की थी, जिसका उसे फायदा मिला और 18-1 से जीत दर्ज की। अगले टर्न में नेपाल ने आक्रमण पर 16-0 से जीत दर्ज की, लेकिन भारत पांच अंकों की बढ़त के साथ जीत दर्ज करने में सफल रहा।

**बीसीसीआई का सख्त रुख**

# खिलाड़ियों के परिवार के साथ दौरे पर जाने पर रोक लगाई

- पत्नियों के लिए भी बनाए सख्त नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने बड़ा फैसला किया है. अब क्रिकेटर के परिवार के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं. नए नियमों के तहत अगर कोई टूर्नामेंट 45 या उससे ज्यादा दिनों का है तो परिवार को खिलाड़ियों के साथ सिर्फ 14 दिन रहने की इजाजत होगी, और अगर टूर इससे कम दिनों का है तो यह 7 दिन हो सकता है. वहीं नए नियमों के तहत पूरे टूर्नामेंट के दौरान पत्नियां खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकतीं हैं. परिवार सिर्फ 2 सप्ताह तक साथ रह सकता है. सभी खिलाड़ियों को टीम की बस में यात्रा करनी होगी. वहीं गौतम गंभीर के निजी मैनेजर को भी बॉक्स या टीम बस में बैठने की इजाजत नहीं होगी. उन्हें किसी दूसरे होटल में रहना होगा. अगर खिलाडियों का सामान 150 किलो से ज्यादा है तो खिलाड़ियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त सामान शुल्क का भुगतान नहीं करेगा.

बीसीसीआई ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के साथ समीक्षा बैठक की थी. इस दौरान बीसीसीआई ने टीम कॉम्बिनेशन के मामले में किसी भी तरह की जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया से बचने का फैसला किया.

यह समझा जाता है कि चैंपियंस ट्रॉफी जैसे महत्वपूर्ण वनडे टूर्नामेंट को अगले छह सप्ताह में आयोजित किया जाना है, ऐसे में किसी भी तरह की तत्काल प्रतिक्रिया से टीम के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. ऑस्ट्रेलिया और न्यजीलैंड के खिलाफ



टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड से पहले टी20 और फिर वनडे सीरीज खेलेगी. उसके बाद फरवरी माह में उसे चैम्पियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेना है.

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का रहा बुरा हाल

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को 1-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी. इस वजह से भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाई थी. यही वजह थी कि भारतीय टीम पहली बार वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तीन सीजन में में पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में विफल रहा था.

रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गत रविवार को ऑस्ट्रेलिया के सामने सरेंडर कर दी. इससे पहले टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था. इन दो झटकों के कारण ही भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल खेलने से चूक गया.

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 15 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के बाद बंगाल में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई, 2 गिरफ्तार



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रहने के बाद गिरफ्तार किया। रुल हक और रफीकुल इस्लाम, जो दोनों बांग्लादेश के निवासी हैं, कई साल पहले उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर पहुंचे थे और कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा करके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे फर्जी पहचान पत्र प्राप्त किए थे। नुरुल हक पकड़े जाने से बचने के लिए नारायण अधिकारी नाम का इस्तेमाल कर रहा था। फीकुल इस्लाम का मूल घर बांग्लादेश के मदारीहाट में है और वह भारत आया था, जहां उसने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाकर इलाके में जमीन खरीदी और घर बनाया। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जिला पुलिस से नारायण अधिकारी उर्फ ??हक के बारे में इनपुट मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया, जो रफीक इस्लाम नाम के एक मकान मालिक के किराए के मकान में रह रहे थे, जो एक बांग्लादेशी भी है। जांच के दौरान, यह पाया गया कि हक उत्तर 24 परगना जिले में मछली पकड़ने का व्यवसाय चलाता था। हक और इस्लाम, जिन्हें स्थानीय लोग इलाके में एक तथाकथित निजी डॉक्टर के रूप में जानते थे, काफी समय से अपनी संदिग्ध गतिविधियों के कारण पुलिस की जांच के दायरे में थे।

### उमर अब्दुल्ला मर्यादाओं का पालन कर रहे थे : रविन्द्र शर्मा



**जम्मू, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना पर कहा कि मुख्यमंत्री संभवतः मर्यादाओं का पालन कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी की जमकर सराहना की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच एक मर्यादा होती है। शायद उमर अब्दुल्ला उसी मर्यादा का पालन कर रहे थे। हालांकि उन्हें यह भी कहा कि उमर अब्दुल्ला को यह समझना होगा कि हमें जो बहुमत मिला था, वह भाजपा की नीतियों के खिलाफ मिला था। गठबंधन की जीत हुई थी जिसका नेतृत्व उमर अब्दुल्ला कर रहे हैं। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना को बहुत पहले शुरू हो जाना चाहिए था। इसमें देरी हुई है। केंद्र पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अलावा जितने भी प्रोजेक्ट हैं, पूर्व की केंद्र सरकार के दौरान लाए गए। कांग्रेस के समय में आधारशिला रखी गई। केंद्र की मोदी सरकार बस उद्घाटन कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास के लिए अनुच्छेद 370 कभी भी बाधा नहीं था। उसे हटाकर केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि 11 साल में जम्मू-कश्मीर में महत्वपूर्ण विकास कार्य क्यों नहीं हुए। उमर अब्दुल्ला के बयानों से उनकी मंशा जाहिर हो सकती है। लेकिन हमारी सरकार गठबंधन की है। जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत और केंद्र सरकार के साथ खड़ा रहा है। तो फिर केंद्र को धन आवंटित करने में इतना समय क्यों लगा है।

### मध्य प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने वाला है। एमपी में सर्द हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। कोहरे से कई शहरों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश में सर्द हवाएं बढ़ती चली जा रही है। मौसम को लेकर आए एक अपडेट में यह पता चला है कि आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। मध्य प्रदेश में 14 से 20 जनवरी तक सर्द हवाओं की रफ्तार में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# 31 मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड, अचानक सुरजेवाला ने ली कर्नाटक में सीएलपी की बैठक



**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक के प्रभारी एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर संभावित सत्ता परिवर्तन के बारे में चल रही अटकलों को संबोधित करते हुए अफवाहों को मनगढ़ंत बताया। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार ने नियमित मूल्यांकन के हिस्से के रूप में सुरजेवाला को राज्य के 31 मंत्रियों की प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट सोमवार को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) कार्यालय में प्रस्तुत की गई, जिसमें मंत्रियों के विभागों के प्रबंधन के काम और पार्टी संगठन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।

बैठक के बाद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि हमारी अब तक हुई दो बैठकों का एजेंडा और सीएलपी की तीसरी बैठक जो जल्द ही होगी, बहुत सरल है। सबसे पहले, इस महीने की 21 तारीख को बेलगाम में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली आयोजित की जाएगी, जहां इसे पहले स्थगित कर दिया गया था। रैली का उद्देश्य आपको पहले ही विस्तार से बताया जा चुका है। उन्होंने आगे कहादूसरा, हम पूरे कर्नाटक में 100 गांधी भारत कार्यालय खोलने जा रहे हैं। फरवरी में किसी समय बेंगलुरु से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इसकी आधारशिला रखी जाएगी। उनसे एक तारीख आवंटित करने का अनुरोध किया है। पार्टी के सभी विधायकों, मंत्रियों और अन्य साथियों को बुलाने का एक मकसद ये भी था कि अंतिम रूप और ढांचा तैयार करने के लिए करीब 74 जगहों पर पहले से ही जमे हुए हैं। बाकी को अब हमारे कार्यकारी अध्यक्षों और पार्टी द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीसरा, बेलगाम में सीडब्ल्यूसी द्वारा तय किए गए अनुसार यह संगठन का वर्ष है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि जहां तक रायपुर निर्णय है और पार्टी की जोधपुर घोषणा के अनुरूप हम अब पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी, वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटी और मध्यस्थ मंडल कमेटी का गठन करेंगे और अपने सभी ब्लॉकों की समीक्षा करेंगे। 31 मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मंत्रियों ने अपने काम के बारे में जो भी जानकारी दी है, उसका रिपोर्ट कार्ड सौंप दिया गया है और केपीसीसी की ओर से एक अलग कमेटी बनायी जायेगी।

# ओडिशा सरकार आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों को देगी 20,000 रुपये मासिक पेंशन



**भुवनेश्वर, एजेंसी।**
ओडिशा सरकार ने सोमवार 1975-77 में आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों के लिए 20,000 रुपये मासिक पेंशन और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को मंजूरी दी। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार यह पेंशन 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआईआर (भारत रक्षा नियम) या डीआईएसआईआर (भारत रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी। इसमें कहा गया है, पेंशन जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित थे) के पक्ष में स्वीकृत की जाएगी, भले ही वे जेल में कितने भी समय तक रहे हों। गृह विभाग ने कहा कि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकते हैं। ये लाभ 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए प्रदान किए जाएंगे। 1 जनवरी, 2025 से पहले की अवधि के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन दोगुनी करने के अलावा मुख्यमंत्री मोहन माझी ने 2 जनवरी को घोषणा की कि आपातकाल के दौरान मीसा के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को 20,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। आपातकाल को लोकतंत्र के सबसे काले दौरों में से एक बताते हुए उन्होंने कहा, मीसा कानून के तहत कारावास झेलने वाले देशभक्तों के सम्मान में हमारी सरकार पेंशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और मुफ्त बस पास मुहैया कराएगी। देश के तीन राज्यों ने आपातकाल के दौरान मीसा या डीआईआर बंदियों के लिए पेंशन योजना शुरू की है। मध्य प्रदेश जहां आपातकाल पीड़ितों को 15,000 से 25,000 रुपये प्रति वर्ष दे रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ 5,000 से 25,000 रुपये प्रति माह और राजस्थान 20,000 रुपये प्रति माह दे रहा है । अगस्त 2019 में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पिछली बीजू जनता दल (बीजद) सरकार ने मधुबाबू पेंशन योजना के तहत आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को 500 रुपये पेंशन देने की घोषणा की थी।

# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी उत्तराखंड की संस्कृति की झलक

### लोकनृत्य छपेली पर कलाकार देंगे प्रस्तुति



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे. अल्मोड़ा की संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकार कुमाऊं के प्रसिद्ध लोकनृत्य छपेली पर प्रस्तुति देंगे. छपेली कुमाऊं के पर्वतीय अंचल के सबसे ज्यादा लोकप्रिय लोकगीतों में शुमार है. जिसका गायन खास मौकों पर किया जाता है.

कलाकारों का किया गया चयनः कुमाऊं की लोक संस्कृति की विभिन्न विधाएं हैं. कुमाऊंनी छपेली, उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में गाए जाने वाला एक पारंपरिक लोकगीत है और यह एक नृत्य गीत है, जिसे जोड़ और आलाप के साथ गाया जाता है. छपेली लोकनृत्य उल्लासपूर्ण संगीत के साथ भावपूर्ण होता है. जिसमें सजीव और अर्थपूर्ण नृत्य की भाव भंगिमाएं होती हैं. समिति के प्रकाश बिष्ट ने बताया कि इसके लिए दल के कलाकारों को चयनित किया गया है, जिसका नेतृत्व ललित मोहन बिष्ट कर रहे हैं.

रिर्हसल के बाद टीम रवानाः यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व संगीत नाटक अकादमी के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 5000 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं. एक महीने की रिर्हसल के बाद कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को सभी कलाकार लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे. जिसका नृत्य संयोजन जाने माने कोरियोग्राफर अकुर पठान, संजय शर्मा, कल्पेग सुभाष, शुभम पटेल और उनके 11 सदस्यीय दल द्वारा किया जा रहा है.

जनप्रतिनिधियों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने जताई खुशीः इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के सांस्कृतिक संस्था संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकारों का चयन किया गया है. अल्मोड़ा के कलाकारों का चयन होने पर विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, सांस्कृतिक निदेशालय उत्तराखंड की निदेशक बीना भट्ट समेत कई सांस्कृतिक प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है.

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर का अस्थि कलश तोड़ा, बिखेरी अस्थियां



**बीजापुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद उसके अस्थियों से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इस घटना से परिवार के लोग आहत है। सोमवार की सुबह परिवार के सदस्य जब अस्थि कलश लेने पहुंचे तो वह निर्धारित स्थल पर नहीं था। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर कुछ दूरी पर टूटा हुआ कलश मिला और अस्थियां बिखरी पड़ी थीं।

इस मामले को लेकर दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के साथ ही बस्तर जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने बीजापुर पुलिस अधीक्षक से अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत की है।

दिवंगत पत्रकार मुकेश के परिजनों का कहना है कि अंतिम संस्कार करने के बाद अस्थियों को एक घड़े में रखकर मुक्तिधाम के एक पेड़ के पास रखा था। इन अस्थियों को नदी में विसर्जन किया जाना था, जिसके लिए मुक्तिधाम के पास जब अस्थि कलश लेने पहुंचे तो अस्थि कलश गायब था।

उसकी खोजबीन करने पर 50 मीटर दूरी पर कलश टूटा और अस्थियां बिखरी पड़ी थीं। इस घटना से परिवार को बहुत दुख पहुंचा है। मुकेश की हत्या कर दी गई और अब उस्की अस्थियों से खिलवाड़ बेहद शर्मनाक कृत्य है। इस घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों और मुकेश के परिजनों में काफी आक्रोश भी है। बस्तर के पत्रकारों ने मामले की शिकायत बीजापुर स्कसे की है।

बता दें कि दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने बीजापुर में करोड़ों की लागत से बन रहे घटिया सड़क निर्माण को लेकर खबर टीवी चैनल में दिखाया था। खबर प्रसारित होने के बाद वह एक जनवरी से लापता थे। तीन दिन बाद तीन जनवरी को उनका शव ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़े में बने सैप्टिक टैंक में मिला था।

# आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत, राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान हाई कोर्ट ने रेप से दोषी मामले में आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी है। मंगलवार को जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर ने कहा कि आसाराम 31 मार्च 2025 तक जेल से बाहर रहकर अपना इलाज करवा सकेगा। इस दौरान उसे अपने किसी भी अनुयायी से मिलने की अनुमति नहीं होगी। न ही वे मीडिया में कोई बयान जारी सकेगा। 24 घंटे वह पुलिस पहरे में रहेगा और इलाज पूरा होने के बाद वापस जेल आएगा।

उल्लेखनीय है कि आसाराम के वकील आर. एस. सलूजा ने 8 जनवरी को हाई कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए यह अर्जी दाखिल की थी, जिस पर आज 6 दिन बाद फैसला आया है। 86 साल के आसाराम को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसमें हृदय रोग सबसे अहम है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और राजेश बिंदल की बेंच ने इसी को आधार मानते हुए अंतरित जमानत मंजूर की थी अब सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत की शर्तों पर राजस्थान हाई कोर्ट ने भी आसाराम को अंतरिम जमानत दे दी है। बता दें आसाराम दो जघन्य मामलों में सजा काट रहा है। आसाराम को अपने आश्रम में नाबालिग से बलात्कार के आरोप में 2013 में जोधपुर पुलिस ने इंदौर के एक आश्रम से गिरफ्तार किया था। लंबी सुनवाई के बाद आसाराम को 2018 में पॉस्को एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# जापान में 6.9 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के दक्षिण पश्चिमी हिस्से में 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद सोमवार शाम सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि रात 9.19 बजे आए भूकंप की तीव्रता मियाजाकी प्रान्त के कुछ हिस्सों में जापानी भूकंपीय पैमाने 5 से कुछ अधिक मापी गई। जापान के भूकंपीय स्केल में अधिकतम मान 7 है। वहीं अधिकतम 10 मान वाले रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई।

मौसम एजेंसी ने मियाजाकी और कोची प्रान्तों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। जापान टाइम्स के अनुसार, भूकंप का केंद्र ह्युगानाडा सागर में 30 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के तुरंत बाद, एजेंसी ने मियाजाकी और कोची प्रान्तों के तटों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। उसने बताया है कि समुद्र में एक मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। आस-पास के लोगों से तट से दूर रहने और ऊंचे स्थानों पर जाने का आग्रह किया गया है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि बीजिंग समय के अनुसार सोमवार रात 8.58 बजे शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे में डिंगरी काउंटी में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, भूकंप का केंद्र 28.45 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.52 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। सीईएनसी द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। पिछले सप्ताह 7 जनवरी को तिब्बत क्षेत्र में डिंगरी काउंटी में आए 6.8 तीव्रता के भूकंप के पीड़ितों की याद में सोमवार को एक स्मारक सेवा भी आयोजित की गई। सुबह 9.30 बजे, चामको टाउनशिप में सायरन गूंजने लगे, जहां यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। टाउनशिप स्क्वायर में एक विशाल बोर्ड लगा था, जिस पर सफेद मंदारिन और तिब्बती अक्षरों में डिंगरी भूकंप में मारे गए लोगों के लिए गहरा शोक लिखा हुआ था। सरकारी अधिकारियों, बचावकर्मियों और स्थानीय निवासियों सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी टोपियां उतारीं और मृतकों की याद में तीन मिनट तक मौन खड़े रहे।

# महाप्रलय से दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा द्वीप देश, तय हो चुकी समाप्ति की तारीख

**तुवालु द्वीप एजेंसी।** तुवालु द्वीप , जो प्रशांत महासागर में स्थित है, एक ऐसे देश के रूप में सामने आया है जिसकी समाप्ति की तारीख निश्चित हो चुकी है। ग्लोबल वार्मिंग और समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण यह द्वीप धीरे-धीरे डूबता जा रहा है और कुछ सालों में यह पूरी तरह से समुद्र में समा जाएगा। तुवालु द्वीप की औसत ऊंचाई समुद्र तल से सिर्फ 2 मीटर है। पिछले तीन दशकों में समुद्र का स्तर यहां 15 सेंटीमीटर बढ़ चुका है, जो वैश्विक औसत से डेढ़ गुना अधिक है। यह लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। तुवालु वेटिकन सिटी के बाद दुनिया का सबसे कम आबादी वाला देश है, जहां करीब 11,000 लोग रहते हैं। इस देश की पूरी आबादी को जलवायु परिवर्तन और बढ़ते समुद्र के कारण विस्थापित होने के लिए मजबूर किया जाएगा। नासा के अनुसार, 2050 तक तुवालु के मुख्य एटॉल, फ़ुनाफ़ुटी का आधा हिस्सा समुद्र में समा जाएगा। इस स्थिति को देखते हुए, तुवालु और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 में एक समझौता हुआ। इसके तहत, 2025 से हर साल 280 लोगों को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से विस्थापित किया जाएगा, ताकि उनका जीवन सुरक्षित हो सके। तुवालु में खारे पानी के कारण मीठे पानी की भारी कमी है, जिससे यहां के लोग बारिश के पानी को टैंक में जमा कर उगने वाले खाद्य पदार्थों के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, यहां के लोग अपने बच्चों का भविष्य लेकर चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनका भविष्य क्या होगा। तुवालु के लोग अब अपनी मिट्टी से विस्थापित होने की तैयारी कर रहे हैं।

# टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की समयसीमा बढ़ाई जाए, अमेरिकी सांसदों की जो बाइडन से अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
डेमोक्रेटिक सांसदों ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रपति जो बाइडन से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की समयसीमा बढ़ाने की मांग की। सांसदों ने चीन स्थित बाइटडांस के लिए टिकटॉक की अमेरिकी संपत्ति बेचने के लिए 19 जनवरी की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। दरअसल, अगर ऐसा न होने पर कंपनी को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को टिकटॉक और बाइटडांस की ओर से कानून को चुनौती देने पर सुनवाई की। कंपनियों के वकील नोएल फ्रांसिस्को ने कहा कि अगले सप्ताह की समयसीमा तक बिक्री पूरी करना असंभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रतिबंध लगाया जाता है तो 170 मिलियन अमेरिकियों की ओर से इस्तेमाल किया जाने वाला शॉर्ट वीडियो एप बंद हो जाएगा। इसके बाद यह देश में पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

दरअसल, अप्रैल में राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित एक विधेयक को कानून में बदल दिया गया था, जिसके तहत चीन के बाइटडांस (टिकटॉक का मालिक) को 19 जनवरी को अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में अमेरिका में टिकटॉक के पास एक ही ऑप्शन है कि वह खुद को किसी अमेरिकी कंपनी को बेच दे। यदि ऐसा नहीं होता है तो कंपनी को अमेरिकी बाजार को छोड़ना होगा। अमेरिका में टिकटॉक के 170 मिलियन यानी करीब 17 करोड़ यूजर्स हैं।

टिकटॉक को लेकर अमेरिका की सरकार का आरोप है कि यह चीन को डाटा जुटाने और यूजर्स की जासूसी करने की अनुमति देता है। इसकी वीडियो होस्टिंग सेवा से दुष्प्रचार फैलता है। हालांकि चीन और बाइटडांस इसका विरोध कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में तीन न्यायाधीशों वाले अमेरिकी अपील अदालत ने सर्वसम्मति से कानून के आधार को बरकरार रखा कि टिकटॉक का चीनी स्वामित्व से अलग होना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक है।




अगर बाइडन इस बात को मान लें कि बाइटडांस विनिवेश की दिशा में पर्याप्त प्रगति कर रहा है तो वे समयसीमा को 90 दिनों तक बढ़ा सकते हैं। हालांकि, यह संभावना न के बराबर है कि बाइटडांस उस मानक को पूरा कर पाएगा।

सीनेटर एडवर्ड मार्की ने कहा कि उन्होंने बाइटडांस को टिकटॉक बेचने या अतिरिक्त 270 दिनों के लिए प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा में देरी करने के लिए कानून पेश करने की योजना बनाई है। दरअसल, टिकटॉक प्रतिबंध उन लाखों अमेरिकियों पर गंभीर परिणाम डालेगा जो सामाजिक संपर्क और अपनी आर्थिक आजीविका के लिए एप पर निर्भर हैं। हम ऐसा होने की अनुमति नहीं दे सकते।

# बुशरा बीबी की बढ़ेगी मुश्किलें, विरोध प्रदर्शन से जुड़े 3 मामलों में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद की अदालतों ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी द्वारा दायर तीन अंतरिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। इस्लामाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मुजोका ने बुशरा बीबी द्वारा दायर तीन अंतरिम जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजक इकबाल काखर और वकील खालिद यूसुफ चौधरी अदालत में पेश हुए, जबकि बुशरा बीबी के वकील ने कार्यवाही के दौरान छूट के लिए याचिका पेश की। न्यायाधीश ने कहा कि आपको अभी तक जमानत बांड जमा नहीं करना है। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील खालिद यूसुफ चौधरी ने कहा कि बुशरा बीबी को आज 190 मिलियन पाउंड के मामले में फैसले के लिए अदियाला जेल में उपस्थित रहना होगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129